अहलकार	पुं.	1. कर्मचारी; 2. कारिन्दा।	ശമ്പളക്കാരൻ; ഗുമസ്തൻ, കാര്യസ്ഥൻ	शंपळक्कारन्; गुमस्तन्, कार्यस्थन्	clerk; agent, official, officer.
अहसान	पुं.	नेकी, भलाई, उपकार।	സൽകൃത്യം, നന്മ, ഉപകാരം	सलकृत्यं, नन्म, उपकारं	gratitude, thankfulness, obligation.
अहा	अव्य.	आनंद, आहलाद, आश्चर्य आदि सूचक अव्यय।	ആഹ്ലാദം, ആശ്ചര്യം ആദിയായവ സൂചിപ്പിക്കുന്ന ഒരു അവ്യയ ശബ്ദം	आह्लादं, आश्चर्यं आदियायव सूचिप्पिक्कुन्न ओरु अव्ययशब्दं	an interjection implying pleasure, wonder, surprise etc., ah, oh.
अहाता (हाता)	पुं.	1. चारों ओर से घिरा हुआ स्थान या मैदान; 2. चारदीवारी।	വളപ്പ്, തൊടി, പറമ്പ്; നാല് ഭിത്തി, നാല് വേലി	वळप्प्, तोटि, परंप्; नालुभित्ति, नालुवेलि	enclosure, precincts, boundary; four walls.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
अहिंसक	वि.	हिंसा न करनेवाला, जो हिंसक न हो।	ഹിംസ ചെയ്യാത്ത	हिंसचॅय्यात्त,	non-violent.
अहिंसा	स्त्री.	प्राणियों में हिंसा अर्थात् वध या हत्या न करने की वृत्ति या भावना।	പരോപദ്രവം ചെയ്യായ്ക, അഹിംസ	परोपद्रवं चॅय्याय्क, अहिंस	abstaining from killing or giving pain to others.
अहित	पुं.	हित का अभाव या विपरीत, अपकार, बुराई, हानि।	അപകാരം, തിന്മ, ഉപദ്രവം	अपकारं, तिन्म, उपद्रवं	harm, damage, injury.
अहितकर	वि.	अहित करनेवाला।	തിന്മ ചെയ്യുന്ന	तिन्म चॅय्युन्न	harmful; injurious.
अहितकारी	वि.	देखिए 'अहितकर'	നോ :अहितकर	नो: : 'अहितकर'	see 'अहितकर'.
अहीर	पुं.	1. एक प्रसिद्ध जाति जो गौएं, भैंसें आदि पालती है और उनके दूध, दही के व्यव्रसाय से जीविका निर्वाह करती है;	ഇടയ വർഗ്ഗം;	इटयवर्गं;	cowherd;
		2. ग्वाला।	ഇടയൻ	इटयन्	cowherd.
आंकड़ा	पुं.	1. अंक;	സംഖ്യ;	संख्य;	a numeral;
		2. फंदा, हुक।	കൃുക്ക്	कुरुक्क्	hook.
आंकड़े	पुं.	वे अंक जो कोई पक्ष या स्थिति सूचित करते हों।	സ്ഥിതി വിവര ക്കണക്ക്	स्थितिविवर-क्कणक्क	statistics, figures.
आंकना	स. क्रि.	1. अंक या चिह्न लगाना, निशान लगाना;	അക്കമിടുക, മുദ്ര പതിക്കുക;	अक्कमिटुक, मुद्र पतिक्कुक;	to mark, to stamp;
		2. अंदाजा करना।	കണക്കാക്കുക, അനുമാനിക്കുക	कणक्काक्कुक, अनुमानिक्कुक	to assess, to evaluate.
आंकुड़ा	पुं.	अंकुडा।	കൊളുത്ത്	कॉळुत्त्	hook.
आंख	स्त्री.	1. नेत्र, नयन, दृष्टि, निगाह;	കണ്ണ്, നേത്രം, ദൃഷ്ടി, കാഴ്ച;	कण्ण्, नेत्रं, दृष्टि, काष्च;	eye, vision, sight;
		2. परख;	ബോധം;	बोधं;	judgement, sense;
		3. ईख की गांठ की नोक जिससे अंखुवा निकलता है;	കരിമ്പിൻ മുട്ടിലെ മുള;	करिंपिन् मुट्टिलॅ मुळ	sprout at the joint of a sugar-cane;
		4. सुई का आंख के आकार का छिद्र।	സൂചിക്കുഴ	सूचिक्कुष़	eye of a needle.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आंख-मिचौनी	स्त्री.	बच्चों का एक प्रकार का खेल जिसमें एक लड़का आंख मूंदता है तथा अन्य लड़के छिप जाते हैं। इसके बाद आंख मूंदनेवाला लड़का आंख खोलकर अन्य लड़कों को ढूंढकर छूता है।	കണ്ണു പൊത്തിക്കളി, ഒളിച്ചുകളി	कण्णु पॊत्तिक्कळि, ऒळिच्चुकळि	hide and seek (game).
आंगन	पुं.	चौक, घर के भीतर का सहन।	മുറ്റം, അങ്കണം	मुट्टं, अंकणं	courtyard.
आंगिक	वि.	1. अंग या शरीर सम्बन्धी; 2. अंगचेष्टा द्वारा व्यंजित (भाव, अभिनय आदि)।	ശരീരത്തെ സംബന്ധിച്ചു; അംഗ ചേഷ്ടകളാൽ വ്യക്തമാക്കപ്പെട്ട	शरीरत्तॆ-संबन्धिच्च; अंगयेष्टकळाल् व्यक्तमाक्कप्पॆट्ट	pertaining to the body; gesticulated or expressed by bodily action.
आंच	स्त्री.	1. आग की लपट; 2. आग की गरमी; 3. मनोवेग की तीव्र अनुभूति; 4. संकट, अहित, क्षति।	തീനാളം; തീച്ചൂട്; വികാര തീവ്രത; ആപത്തു്, ഹാനി, കേടു്	तीनाळं; तीच्चूट्; विकारतीव्रत; आपत्त्, हानि, केट्	flame, blaze; heat of fire; passion, lust; harm, damage, danger.
आंचल	पुं.	1. साड़ी, धोती आदि का सामने रहने वाला छोर, पल्ला; 2. शाल, दुपट्टे आदि का छोर या सिरा।	വസ്ത്രത്തിന്റെ മുൻവശം, വസ്ത്രാഞ്ചലം; ഉത്തരീയത്തിന്റെയും മറ്റും കര,	वस्त्रत्तिन्ट्रॆ मुन्वशं, वस्त्राञ्चलं; उत्तरीयत्तिन्ट्रॆयुं मरुं कर	extreme part of sari etc., hem; border of a veil or shawl.
आंचलिक	वि.	1. अंचल-संबंधी; 2. किसी अंचल (प्रदेश या प्रादेशिक प्रांत) में होनेवाला या उससे संबंध रखने वाला।	ഒരു പ്രദേശത്തെ അഥവാ ദേശ ഭാഗത്തെ സംബന്ധിച്ചു,	ऒरु प्रदेशत्तॆ अथवा देशभागत्तॆ संबन्धिच्च	pertaining to a veil etc; of or related to some region (province or state)
आंटी	स्त्री.	1. अंटी; 2. सूत का लच्छा;	മടിക്കുത്തു്, മടിശ്ശീല, കെട്ടു്; നൂൽക്കഴി;	मटिक्कुत्त्, मटिश्शील, कॆट्टु; नूलक्कषि;	knot or loop (serving as a pocket); hank;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. गुल्ली-डंडा खेलने की गुल्ली;	‘കുറിയും കോലും’ കളിയിലെ കുറി;	‘कुरियुं कोलुं कळियिले कुरि;	cat or short stick in the game of tip-cat;
		4. कुश्ती का एक पेच जिसमें विपक्ष की टांग में टांग अड़ाकर उसे चित पटकते हैं।	ഗുസ്തിയിലെ ഒരു അടവ്,	गुस्तियिले ओरु अटव्,	the leg trick (in wrestling).
आंत(अंतड़ी)	स्त्री.	पाचन संस्थान का आमाशय के बाद से मलद्वार तक का भाग जिसमें से होकर आहार रसग्रहण के बाद मलरूप में बाहर निकलता है।	കുടൽ, അന്ത്രം	कुटल्, अन्त्रं	intestine.
आंतरिक	वि.	1. अंदर का, भीतरी;	ഉള്ളിലെ;	उळ्ळिले;	internal;
		2. किसी देश की घरेलू या भीतरी बातों से सम्बन्ध रखने वाला;	ആഭ്യന്തരമായ, ഗാർഹിക മായ;	आभ्यन्तरमाय, गार्हिकमाय;	domestic;
		3. अन्तःकरण से होनेवाला, सच्चा, वास्तविक।	ഉള്ളിൽ ത്തട്ടിയ	उळ्ळिलत्तट्टिय	heartfelt, real, genuine.
आंदोलन	पुं.	1. किसी बात के लिए किया जानेवाला व्यापक सामूहिक प्रयत्न;	സാമൂഹ്യ സംരംഭം, കൂട്ടായ നീക്കം;	सामूहय संरंभं, कूट्टाय नीक्कं;	agitation, movement;
		2. झूलना, हिलना।	ഉലയൽ, ഇളക്കം	उलयल्, इळक्कं	swinging, oscillation.
आंदोलनकारी	पुं.	वह जो आन्दोलन करता या हलचल मचाता है।	പ്രക്ഷോഭ കാരി	प्रक्षोभकारि	agitator.
आंधी	स्त्री.	धूल भरी जोर की हवा, अंधड़।	കൊടുങ്കാറ്റ്	कोंडुंकारुर्	storm, hurricane, tempest.
आंय-बांय	पुं.	निरर्थक प्रलाप, बकबक।	പുലമ്പൽ, ജല്പനം	पुलंपल्, जल्पनं	irrelevant and pointless talk.
आंव	स्त्री.	1. एक रोग जिसमें पेट में ऐंठन और पीड़ा होती है तथा थोड़ा-थोड़ा करके लसीला मल निकलता है;	ഒരു ഉദര രോഗം, വയറുകടി	ओरु उदररोगं, वयरुकटि;	dysentery;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. उक्त रोग में पेट में से निकलनेवाला चिकना सफेद मल।	ചളി കലർന്ന മലം	चळि कलर्न्न मलं	the glutinous, whitish matter or mucus voided in cases of tesmus, dysenteric stool or discharge.
आंवला	पुं	एक प्रकार का पेड़ और उसका फल जो मुरब्बा, आचार आदि बनाकर खाने या दवा के काम आता है।	നെല്ലി, നെല്ലിക്ക	नॆल्लि, नॆल्लिक्क	the tree Embic myrobalan (Phyllanthus emblica) and its fruit, a myrobalan.
आंवा(आवा)	पुं.	मिट्टी के बरतन पकाने का भट्ठा।	ചൂള	चूळ	potters' kiln.
आंशिक	वि.	1. कुछ, थोड़ा; 2. अंश या भाग से संबंधित।	ആൽപമായ; ഭാഗികമായ	अल्पमाय; भागिकमाय	partial, a little; relating to a part.
आंसू	पुं.	अश्रु।	കണ്ണുനീർ	कण्णुनीर्	tears.
आइंदा	वि.	भावी, आनेवाला।	വരാനിരിക്കുന്ന,	वरानिरिक्कुन्न	future, coming (year etc.)
	अव्य.	भविष्य में।	ഭാവിയിൽ	भावियिल्	in future.
आइना	पुं.	दर्पण, शीशा।	കണ്ണാടി, ദർപ്പണം	कण्णाटि, दर्प्पणं	mirror, looking glass.
आकंठ	वि.	कण्ठपर्यन्त।	കഴുത്തോളം, ആകണ്ഠം	कषुत्तोळं, आकण्ठं	up to the throat or neck.
आक	पुं.	मदार का पौधा।	എരിക്ക്, അർക്കം	ऍरिक्क्, अर्क्कं	curled, flowered, gigantic swallow wort, (calotropis gigantes) noted for medicinal qualities.
आकर	पुं.	1. खान; 2. उत्पत्ति स्थान; 3. खज़ाना।	ഖനി, ഉറവിടം; ഭണ്ഡാരം	रवनि, उरविटं; भण्डारं	mine, quarry; source; treasury.
आकर्षक	वि.	1. दूसरों का मन, ध्यान अपनी ओर खींचनेवाला; 2. रोचक, सुन्दर; 3. खींचनेवाला।	ആകർഷകമായ; മനസ്സിനിണങ്ങിയ; കാന്തശക്തിയുള്ള	आकर्षकमाय; मनस्सिनिणङ्ङिय, कान्तशक्तियुळ्ळ	attractive; beautiful, handsome; magnetic.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आकर्षण	पुं.	1. किसी का ध्यान अपनी ओर ले आना;	ശ്രദ്ധയെ പിടിച്ചുടക്കൽ;	श्रद्धयं पिटिच्च-टक्कल्;	attraction;
		2. (बल या शक्ति से) अपनी ओर खींचना;	ബലമായി വലിക്കൽ;	बलमायि वलिक्कल्;	pulling, drawing;
		3. किसी का ध्यान या मन अपनी ओर खींचने की शक्ति या व्यापार।	വശീകരണം	वशीकरणं	alluring.
आकलन	पुं.	1. गिनना, हिसाब लगाना;	എണ്ണൽ, കണക്കുകൂട്ടൽ;	एंण्णल्, कणक्कुकूट्टल्;	calculation, reckoning;
		2. अनुमान, प्राक्कलन;	അനുമാനം;	अनुमानं;	estimate;
		3. संग्रह।	സംഗ്രഹം ശേഖരം	संग्रहं, शेखरं	accumulation, collection.
आकस्मिक	वि.	अचानक होनें वाला।	പൊട്ടന്നനെയുള്ള	पोट्टन्ननेयुळ्ळ	accidental, sudden, casual.
आकस्मिक छुट्टी	स्त्री.	वह छुट्टी जो अचानक काम आ पड़ने पर ली जाए।	യാദൃച്ഛികാവധി	यादृच्छिकावधि	casual leave.
आकांक्षा	स्त्री.	1. इच्छा, चाह;	അഭിലാഷം;	अभिलाषं;	wish, desire;
		2. वाक्य में अर्थपूर्ति के लिए पदविशेष की आवश्यकता;	വാക്യത്തിന്റെ അർത്ഥ പൂർത്തിക്ക് പദം ആവശ്യമായി വരുന്ന സ്ഥിതി;	वाक्यत्तिन्ट् अर्थपूर्त्तिक्क् पदं आवश्यमायि वरुन्न स्थिति;	need of supplying a word or phrase for the completion of the sense;
		3. अपेक्षा।	പ്രതീക്ഷ, ആവശ്യകത,	प्रतीक्ष, आवश्यकत	expectation, requirement.
आकांक्षी	वि.	इच्छा या अपेक्षा रखनेवाला।	ആവശ്യപ്പെടുന്ന	आवश्यप्पेटुन्न	expectant, desirous, requiring.
आका	पुं.	मालिक, स्वामी।	യജമാനൻ,	यजमानन्,	master, lord.
आकार	पुं.	1. रूप, आकृति;	ആകൃതി;	आकृति;	form, shape, figure;
		2. मनके भावों का बोधक, आकृति या चेहरे का रंगढंग;	അന്തരംഗത്തെ വെളിവാക്കുന്ന ആകൃതി അഥവാ മുഖഭാവം;	अन्तरंगत्तै वॆळिवाक्कुन्न आकृति अथवा मुखभावं;	(particularly) appearance or expression of the face as giving a clue to one's inward thought or mental disposition;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. किसी वस्तु या व्यक्ति की लंबाई-चौड़ाई, फैलाव, ऊँचाई आदि;	നീളം, വണ്ണം, വലിപ്പം പരപ്പ്, ഉയരം ഇടങ്ങി യവ;	नीळं, वण्णं, वलिप्पं, परप्पु, उयरं तुटइ·डि·यव;	size;
		4. 'आ' की मात्रा या वर्ण।	'ആ' എന്ന അക്ഷരം	'आ' एंन्न अक्षरं	the letter 'आ'
आकाश	पुं.	1. आसमान;	ആകാശം;	आकाशं;	sky, ether, heaven, atmosphere, firmament;
		2. शून्य;	ശൂന്യത;	शून्यत;	vacuity;
		3. खुले स्थान में ऊपर दिखाई देनेवाला नीला अपार स्थान, अंतरिक्ष।	അന്തരീക്ഷം	अन्तरिक्षं	space.
आकाशगंगा	स्त्री.	आकाश में उत्तर से दक्षिण तक फैला हुआ छोटे-छोटे तारों का समूह, आकाशवाहिनी गंगा, मंदाकिनी।	വിണ്ണാർ, മന്ദാകിനി, താരാപഥം	विण्णर्, मन्दाकिनि, तारापथं	milky way, galaxy, a constellation of stars from north to south, the celestial Ganges, the heavenly Ganga.
आकाशकुसुम	पुं.	अनहोनी बात।	അസാധ്യമായ കാര്യം	असाध्यमाय कार्यं	an improbability.
आकाशदीप	पुं.	कार्तिक मास में देवताओं के निमित्त ऊँचे बांस के सिरे पर बांधकर जलाया जानेवाला दीया।	ദീപാവലിക്ക് വിഷ്ണു വിന്റെയോ, ലക്ഷ്മിയുടെ യോ പ്രീതിക്ക വേണ്ടി ഉയരം കൂടിയമുളയിൽ കത്തിച്ചു വയ്ക്കുന്ന വിളക്ക്	दीपावलिक्क् विष्णुविन्ट्रेयो, लक्ष्मियुट्रेयो प्रीतिक्कुवेण्टि उयरं कूटिय मुळयिल् कत्तिच्चु वय्क्कुन्न विळक्क्	a lamp or torch lighted in honour of Lakshmi or Vishnu and elevated on a pole in the air at the Diwali festival in the month of Kartika, a beacon.
आकाशवाणी	स्त्री.	1. देवता या ईश्वर की ओर से कही हुई तथा आकाश से सुनाई पड़नेवाली वाणी;	അശരീരി;	अशरीरि;	divine communication, voice from the air or from heaven;
		2. आल इंडिया रेडियो का नाम।	ആൾ ഇന്ത്യാ റേഡിയോ യുടെ പേര്	आल् इन्ड्या रेडियोयुट् पेर्	name of All India Radio.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आकुंचन	पुं.	सिमटना, सिकुड़ना।	കുനിവ്, ചുളിവ്	कुनिव्, चुळिव्	contraction, bending, contortion.
आकुल	वि.	1. बेचैन, परेशान, उद्विग्न;	അസ്വസ്ഥമായ, കുഴഞ്ഞ ദുഃഖം പൂണ്ട;	अस्वस्थमाय, कुषञ्ञ, दुःखं पूण्ट;	confounded, confused, bewildered;
		2. भरा हुआ, व्याप्त;	വ്യാപിച്ച;	व्यापिच्च;	filled, full of;
		3. विह्वल।	വിഹ്വലമായ, പരിഭ്രമിച്ച,	विह्वलमाय, परिभ्रमिच्च	anxious,distressed, restless.
आकुलता	स्त्री.	1. बेचैनी, परेशानी, उद्विग्नता;	വൈവശ്യം, ദുഃഖം;	वैवश्यं, दुःखं;	confusion, bewilderment;
		2. भरा हुआ होना, व्याप्ति;	നിറവ്, വ്യാപ്തി;	निरव्, व्याप्ति;	state of being full;
		3. विह्वलता।	പരിഭ്രമം, ഭീതി	परिभ्रमं, भीति	anxiety, distress, restlessness
आकृति	स्त्री.	1. रूप, गठन, चेहरा;	വടിവ്,മുഖം;	वटिव्, मुखं;	shape, form, face;
		2. वस्तु या व्यक्ति का चित्र;	ചിത്രം;	चित्रं;	figure;
		3. रेखाओं की सहायता से बनाए गए क्षेत्र आदि (ज्यामिति);	ഡയഗ്രം,രേഖാ ലേഖ്യം, രൂപ രേഖാചിത്രം;	डयग्रं, रेखालेख्यं, रूपरेखाचित्रं;	diagram;
		4. भावभंगिमा प्रकट करनेवाली मुद्रा।	മുഖഭാവം, ബാഹ്യരൂപം	मुखभावं, बाह्य-रूपं	appearance, look, feature.
आकृष्ट	वि.	1. खिंचा या खींचा हुआ;	വലിക്ക പ്പെട്ട,	वलिक्कप्पेट्ट;	attracted, allured;
		2. किसी के गुण, रूप आदि पर मुग्ध या मोहित हुआ हो।	ആകർഷിക്ക പ്പെട്ട, വശീ കരിക്കപ്പെട്ട	आकर्षिक्कप्पेट्ट, वशीकरिक्कप्पेट्ट	drawn or pulled.
आक्रमण	पुं.	1. हमला, चढ़ाई;	ആക്രമണം;	आक्रमणं;	invasion, onslaught, aggression;
		2. प्रहार।	കയ്യേറ്റം	कय्येरुरं	assault.
आक्रांत	वि.	1. जिस पर हमला किया गया हो;	ആക്രമിക്ക പ്പെട്ട;	आक्रमिक्कप्पेट्ट;	invaded;
		2. जिस पर कब्जा किया गया हो, वशीभूत;	പിടിച്ചടക്ക പ്പെട്ട;	पिटिच्चट-क्कप्पेट्ट;	seized, taken possession of;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. व्याप्त।	വ്യാപിച്ച ചൂഴ്ന്ന	व्यापिच्च, चूषुन्न	covered, surrounded.
आक्रामक	वि.	आक्रमण करने वाला।	ആക്രമണം നടത്തുന്ന	आक्रमणं नटत्तुन्न	aggressive, militant.
आक्रोश	पुं.	1. क्रोधपूर्वक कठोर शब्दों में व्यक्त किया गया असंतोष;	ക്രോധം നിറഞ്ഞ ശകാരം;	क्रोध निरञ्ञ शकारं;	assailing with harsh language;
		2. चीख - पुकार, चिल्लाहट;	നിലവിളി;	निलविळि;	hue and cry, crying out;
		3. कोसना।	ശാപം	शापं	curse.
आक्षेप	पुं.	1. लांछन, व्यंग्यपूर्ण दोषारोपण;	പഴി, കുറ്റപ്പെടുത്തൽ, ശകാരം;	पषि, कुरप्पेटुत्तल्, शकारं,	reproof, censure, blame, vilification, reproach, abuse;
		2. एक वातरोग।	ഒരു വാത രോഗം	ओरु वातरोगं	convulsion.
आखिर	पुं.	1. अंत, समाप्ति;	അവസാനം;	अवसानं;	end, termination;
		2. परिणाम।	പരിണാമം,	परिणामं,	result.
	वि.	बाद में या पीछे होने वाला।	ഒടുവിലുള്ള, അവസാനത്തെ	ओटुविलुळ्ळ, अवसानत्तें	last.
आखिरकार	क्रि. वि.	अंत में, अन्ततः।	ഒടുവിൽ, അവസാനം	ओटुविल्, अवसानं	in the end, at last, after all, ultimately, finally, eventually.
आखिरी	वि.	अंतिम, सबसे पीछे का।	അന്തിമമായ, അവസാനത്തെ	अन्तिममाय, अवसानत्तें	last, ultimate, final.
आखेट	पुं.	शिकार, मृगया।	നായാട്ട്,	नायाट्ट	hunting, sport.
आखेटक	पुं.	शिकारी।	വേട്ടക്കാരൻ	वेट्टक्कारन्	hunter.
आख्याता	पुं.	कहने वाला, बताने वाला।	പറയുന്നവൻ	परयुन्नवनु,	one who tells or communicates.
आख्यान	पुं.	1. कथा, कहानी, पौराणिक कथा;	പുരാവൃത്തം, പുരാണ കഥ;	पुरावृत्तं, पुराणकथ;	legend, tale, story;
		2. वर्णन, वृत्तान्त;	വൃത്താന്തം;	वृत्तान्तं;	narration;
		3. कहना या सूचित करना	പറച്ചിൽ, കഥനം	परच्चिल्, कथनं	telling, communication.
आख्यानक	पुं.	छोटा आख्यान।	ലഘുകഥ, ലഘു വൃത്താന്തം	लघुकथ, लघुवृत्तान्तं	short legend, short narrative.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आख्यायिका	स्त्री.	शिक्षाप्रद कल्पित लघु कथा।	കൽപിത കഥ	कल्पितकथ	fable, short narrative.
आगंतुक	पुं.	अतिथि, पाहुना।	അതിഥി	अतिथि	guest, stranger.
आग	स्त्री.	1. किसी चीज के जलने के समय अंगारे या लपट के रूप में दिखाई देने वाला ताप और तेज का पुंज, अग्नि;	തീയ്, അഗ്നി;	तीय्, अग्नि;	fire, flame;
		2. जलन, डाह, संताप;	സന്താപം;	सन्तापं;	jealousy, hatred;
		3. अत्यधिक गरमी या ताप।	അത്യുഷ്ണം	अत्युष्णं	excessive heat.
आगजनी	स्त्री.	उपद्रवकारियों द्वारा घर, दुकान, नगर आदि में आग लगा देने का कार्य।	തീവയ്പ്, കൊള്ളി വയ്പ്	तीवय्प्, कॊल्लिवय्प्	arson.
आगत	वि.	अन्य स्थान से आया हुआ।	വന്ന, വന്ന ചേർന്ന	वन्न, वन्नुचेर्न्न	arrived, come, come from.
	पुं.	अतिथि।	അതഥി	अतिथि	guest.
आगबबूला	वि.	गुस्से से लाल, अतिक्रुद्ध।	അതിക്രുദ്ധ നായ	अतिक्रूद्धनाय	wild with rage, mad with rage.
आगम	पुं.	1. वेद, शास्त्र, आदि प्रामाणिक ग्रन्थ;	വേദ-ശാസ്ത്രാദി ഗ്രന്ഥങ്ങൾ;	वेद-शास्त्रादि ग्रंथङ्ङ्ङ्ल;	the Vedas, Shastras or work on sacred science;
		2. आना, आगमन, प्राप्ति;	വരവ്, ആഗമനം, ലഭിക്കൽ;	वरव्, आगमनं, लभिक्कल्;	coming, arrival, approach, appearance, acquisition, receipt;
		3. उद्भव, उत्पत्ति;	ഉറവിടം;	उरविटं;	source, origin;
		4. भविष्य;	ഭാവി;	भावि;	futurity;
		5. भावी घटना या स्थिति;	ഭവിഷ്യത്ത്;	भविष्यत्त्;	future event;
		6. तंत्रशास्त्र का वह अंग जिसमें सृष्टि, प्रलय आदि का वर्णन है;	തന്ത്രശാസ്ത്രത്തിൽ സൃഷ്ടി പ്രളയാദികളെ പ്രതിപാദിക്കുന്ന ഭാഗം;	तंत्र शास्त्रत्तिल सृष्टिप्रळयादिकळं प्रतिपादिक्कुन्न भागं;	Shastra containing spells and incantations or Tantra;
		7. शब्दसाधना में किसी पद की वृद्धि।			grammatical augment.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आगमन	पुं.	1. आना;	വരവ്, ആഗമനം;	वरव्, आगमनं;	advent, arrival, approach;
		2. प्राप्ति।	ലാഭം, നേട്ടം	लाभं, नेट्टं	acquisition.
आगापीछा	पुं.	1. परिणाम, नतीजा;	പ്രത്യാഘാതം;	प्रत्याघतं;	result, consequences;
		2. दुविधा, मन में होनेवाला असमंजस;	സംശയം, കുഴങ്ങൽ,	संशयं, कुषङ्ङ्ङ्ल्,	hesitation, vacillation;
		3. अगला और पिछला भाग।	മുൻപിൻ ഭാഗങ്ങൾ	मुनपिन्भागङ्ङ्ल्	front and stern.
आगामी	वि.	भविष्य में आने या होने वाला, भावी।	സംഭവിക്കാനിരിക്കുന്ന, ഭാവിയിലെ	संभविक्कानिरिक्कुन्न, भावियिले	impending, ensuing, future, coming.
आगार	पुं.	भंडार, खजाना।	ഭണ്ഡാരം, ഖജനാവ്	भण्डारं, खजनाव्	store, store-house, depot, treasury.
आगाह	वि.	पहले से सूचित या अवगत किया हुआ।	മുൻകൂട്ടി അറിയുന്ന	मुनकूट्टि अरियुन्न	acquainted with, appraised, aware.
आगे	क्रि. वि.	1. सामने;	മുൻപിൽ, സമക്ഷം;	मुनपिल्, समक्षं;	in front of, facing, opposite;
		2. किसी की उपस्थिति में;	ഉള്ളപ്പോൾ;	उळ्ळप्पोळ्;	in the presence of;
		3. पहले;	നേരത്തേ;	नेरत्ते;	before, in advance;
		4. आइंदा, भविष्य में;	ഇനിയും, മേലിൽ	इनियुं, मेलिल्;	hence, henceforth, hereafter, in future;
		5. कुछ दूर और बढ़ने पर।	കുറച്ചു കൂടി പ്പോയാൽ, ഇനിയങ്ങോട്ട്	कुरच्चुकूटिप्पोयाल्, इनियङ्ङोट्ट्	further, onwards, forwards, furthermore.
आग्रह	पुं.	1. नम्रतापूर्वक जोर देना, अनुरोध;	അപേക്ഷ, അഭ്യർഥന;	अपेक्ष, अभ्यर्थनं;	request;
		2. अड़ते हुए किसी बात पर जोर देना, हठ।	നിർബന്ധം, ശാഠ്യം	निर्बन्धं, शाठ्यं	obstinacy, insistence.
आघात	पुं.	1. प्रहार;	അടി;	अटि;	hit, attack;
		2. चोट;	വെട്ട്;	वेट्ट्;	blow;
		3. धक्का, ठोकर;	തള്ളൽ, തട്ട്,	तळ्ळल्, तट्ट्,	stroke, kick;
		4. किसी दुखद घटना के कारण होनेवाली मानसिक व्यथा।	മനോവേദന, വ്യഥ, ദുഃഖം, വെറുളൽ	मनोवेदनं, व्यथ, दुःखं, वेट्टल्	shock.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आचमन	पुं.	1. पूजन आदि से पूर्व शुद्धि के लिए दाहिनी हथेली पर जल लेकर पीना;	പൂജ, ഭക്ഷണം തുടങ്ങിയവയ്ക്കു മുൻപായി വലതു കൈത്തലത്തിൽ അൽപം ജലം എടുത്ത് കുടിക്കുന്ന ഒരു ശുദ്ധികർമം, ആചമനം;	पूज, भक्षणं तुटङ्ङि·यवय्क्कु मुन्पायि वलतु कैत्तलत्तिल् अल्पं जलं एंटुत्त् कुटिक्कुन्न ओरु शुद्धिकर्म, आचमनं;	rinsing the mouth, the act of sipping a little water from the palm of the right hand by way of purification before meals or religious ceremonies;
		2. इस प्रकार पीने का जल;	ഇപ്രകാരം കുടിക്കുന്നജലം;	इप्रकारं कुटिक्कुन्न जल;	such water;
		3. जल पीना।	വെള്ളംകുടിക്കൽ	वॅळ्ळं कुटिक्कल	sipping of water.
आचरण	पुं.	1. चाल-चलन, चरित्र; 2. अनुसरण, पालन।	സ്വഭാവം; ആചരിക്കൽ	स्वभावं; आचरिक्कल,	character; observance.
आचार	पुं.	1. आचरण, व्यवहार; 2. प्रथा, रीति; 3. कुछ नियमों या सिद्धांतों आदि पर आधारित आचरण या व्यवहार का वह परिष्कृत रूप जिसका पालन लोक में आवश्यक माना जाता है।	സ്വഭാവം; നാട്ടുനടപ്പ്; പെരുമാറ്റച്ചട്ടങ്ങൾ, നടപടി, മര്യാദ, സദാചാരം	स्वभावं; नाट्टुनटप्पु; पॅरुमार्‌र्‌च्च-ट्टङ्ङ·ळ्, नटपटि, मर्यादं, सदाचारं	conduct, behaviour; custom, usage; institute, established rule of conduct.
आचारवान	वि.	सदाचारी, अच्छे तथा शुद्ध आचरणवाला।	സ്വഭാവ ശുദ്ധിയുള്ള	स्वभावशुद्धियुळ्ळ	of good moral character, of good conduct.
आचारहीन	वि.	आचरण-भ्रष्ट।	സ്വഭാവ ശുദ്ധിയില്ലാത്ത	स्वभाव-शुद्धियिल्लात्त	corrupt, of bad conduct.
आचार्य	पुं.	1. गुरु, शिक्षक; 2. विश्वविद्यालय के किसी विभाग के वरिष्ठतम पद पर कार्य करनेवाला अध्यापक;	അധ്യാപകൻ; പ്രൊഫസർ;	अध्यापकन्; प्रॉफ़सर्;	teacher, preceptor; professor;
		3. किसी विषय का असाधारण पंडित;	മഹാ പണ്ഡിതൻ;	महापण्डितन्;	expert or scholar (of any subject);
		4. किसी महाविद्यालय का प्रधान अधिकारी;	പ്രിൻസിപ്പൽ;	प्रिन्सिप्पल्;	principal (of a college);

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		5. यज्ञ में कर्म का उपदेश करनेवाला या मुख्य पुरोहित का काम करनेवाला।	(യാഗകർമ ങ്ങളിലെ) മുഖ്യ പുരോഹിതൻ	(यागकर्मङ्ङळिले) मुख्यपुरोहितन्	chief priest who presides over the performance of sacrifice.
आच्छन्न	वि.	1. ढका हुआ, छाया हुआ; 2. छिपा हुआ, तिरोहित।	അടഞ്ഞ; മറഞ്ഞുപ്പെട്ട	अटञ्ञ; मऱयुक्कप्पॆट्ट	covered; concealed.
आच्छादन	पुं.	1. ढकना; 2. छिपाना; 3. आवरण; 4. वस्त्र।	മൂടി; ഗോപനം; ആവരണം; വസ്ത്രം	मूटि; गोपनं; आवरणं; वस्त्रं	covering; concealing; a covering, sheath; cloth, clothes.
आच्छादित	वि.	1. ढका हुआ, छाया हुआ; 2. छिपा हुआ।	മൂടപ്പെട്ട, അടഞ്ഞ; മറഞ്ഞ	मूटप्पॆट्ट, अटञ्ञ; मऱञ्ञ	covered; concealed.
आज	क्रि. वि. पुं.	1. वर्तमान दिन में; 2. इन दिनों में, इस काल में। प्रस्तुत या वर्तमान दिन।	ഇന്ന്; ഈയിടെ, ഇപ്പോൾ ഇന്ന്, ഈ ദിവസം	इन्नु; ईयिटॆ, इप्पोळ् इन्नु, ई दिवसं	to-day; this time, now. to-day or this day.
आजकल	क्रि. वि.	1. इन दिनों, वर्तमानकाल में; 2. वर्तमान या प्रस्तुत दिनों में, एक-दो दिन में।	ഈയിടെ, ഇക്കാലത്ത്; ഇന്നോ നാളെയോ,	ईयिटॆ, इक्कालत्तु; इन्नो नाळॆयो,	now-a-days, these days, recently; to-day or to-morrow, soon, in a few days.
आजन्म	क्रि. वि.	1. जन्म से; 2. जीवनपर्यन्त।	ജനിച്ചപ്പോൾ മുതൽ; ജീവിതം മുഴുവൻ,	जनिच्चप्पोळ् मुतल्; जीवितं मुषुवन्,	from birth, since birth; for the whole of the life, throughout life.
आजमाइश	स्त्री.	परीक्षण, परख, परीक्षार्थ प्रयोग।	പരീക്ഷണം, പരീക്ഷ, പരിശോധന	परीक्षणं, परीक्ष, परिशोधन	trial, test, experiment, examination.
आजमाना	स. क्रि.	परीक्षा करना, जाँच करना, परखना, परीक्षार्थ प्रयोग करना।	പരീക്ഷിക്കുക, പരിശോധിക്കുക	परीक्षिक्कुक, परिशोधिक्कुक	to try, to examine, to test, to experiment.
आजाद	वि.	1. जो किसी के अधीन न हो, स्वाधीन, मुक्त, स्वतंत्र;	പരാധീന മല്ലാത്ത, മുക്തനായ;	पराधीनमल्लात्त, मुक्तनाय;	independent, free;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. शास्त्र या लोकाचार का बन्धन न माननेवाला, स्वच्छंद, मनमौजी।	ആചാര ബന്ധനങ്ങളെ മാനിക്കാത്ത	आचारबन्धनुइ-ङ-ळे मानिक्कात्त,	unfettered, unrestrained, light-hearted.
आजादी	स्त्री.	1. मुक्ति, छुटकारा;	മോചനം, വിമുക്തി;	मोचनं, विमुक्ति;	liberty, release, deliverance;
		2. स्वतंत्रता, स्वाधीनता;	സ്വാതന്ത്ര്യം, സ്വാധീനത;	स्वातन्त्र्यं, स्वाधीनत;	freedom, independence;
		3. स्वच्छंदता।	സ്വച്ഛന്ദത	स्वच्छन्दत	freedom of action.
आजीवन	क्रि. वि.	1. जीवन पर्यन्त;	ജീവിതാവസാനം വരെ, മരണം വരെ;	जीवितावसानं वरं, मरणं वरं;	till life, for life, life-long, throughout life;
		2. जीवनभर का।	ആയുഷ്കാലം	आयुष्कालं	of whole life.
आजीविका	स्त्री.	रोजी, रोजगार, धंधा।	ജീവിതവൃത്തി, നിത്യവൃത്തി, ജീവനോപായം,	जीवितवृत्ति, नित्यवृत्ति, जीवनोपायं	means of subsistence, livelihood, profession.
आज्ञा	स्त्री.	1. हुक्म, आदेश; 2. अनुमति।	ഉത്തരവ്, സമ്മതം	उत्तरव्; अनुवादं	order, command; permission.
आज्ञाकारिता	स्त्री.	आज्ञाकारी होने की अवस्था या भाव।	ആജ്ഞാപാലനം	आज्ञापालनं।	obedience.
आज्ञाकारी	वि.	आज्ञापालक।	ആജ്ഞപാലിക്കുന്ന	आज्ञपालिक्कुन्न	obedient.
आटा	पुं.	1. पिसा हुआ अन्न; 2. आटे की तरह की कोई वस्तु।	മാവ്; മാവു (പൊടി) രൂപത്തിലുള്ള വസ്തു	माव्; मावु (पौटि) रूपत्तिलुळ्ळ वस्तु	flour; anything reduced to the state of flour, powder or dust (like flour).
आठ	वि.	जो गिनती में सात और एक हो।	എട്ട്	एट्ट्	eight.
	पुं.	आठ का सूचक अंक।	എട്ട് എന്ന സംഖ്യ	एट्ट एन्न संख्य	the number eight.
आडम्बर	पुं.	1. दिखावा, दिखावटी ठाट-बाट; 2. बहुत अधिक तथा निरर्थक रूप से बड़े-बड़े शब्दों का प्रयोग करना।	മോടി, പകിട്ട്; വാഗാഡംബരം, ശബ്ദാടോപം, പദബാഹുല്യം	मोटि, पकिट्ट्; वागाडंबरं, शब्दाटोपं, पदबाहुल्यं	ostentation, affectation, show; verbosity.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आड़	स्त्री.	1. ओट; 2. रक्षा का स्थान; 3. टेक, बाधा, रोक।	കർട്ടൻ; അഭയസ്ഥാനം; താങ്ങ്, ഊന്ന്, മാർഗ വിലങ്ങ്, പ്രതിരോധം,	कर्ट्टन्; अभयस्थान्; ताङ्-ङ्-, ऊन्न्, मार्गविघ्नं, प्रतिरोधं	screen, curtain; shelter; support, prop, barrier, barricade, check, restraint.
आड़ा	वि. (स्त्री. आड़ी)	1. तिरछा (तिर्यक्);	ചരിഞ്ഞ, ചാഞ്ഞ;	चरिञ्ञ, चाञ्ञ;	oblique;
		2. आँखों के समानान्तर दाहिने से बाएं अथवा बाएं से दाहिने गया हुआ अथवा इस रूप में रखा हुआ, क्षैतिज।	ചക്രവാളത്തിന് സമാന്തരമായ, തിരശ്ചീനമായ	चक्रवाळत्तिनु समान्तरमाय, तिरश्चीनमाय	horizontal.
आड़ू	पुं.	एक खटमिट्ठा फल।	പീച്ച്	पीच्च	peach, Prunus domestica.
आढ़त	स्त्री.	1. दूसरे का माल कमीशन लेकर बिकवा देने का रोज़गार;	ദല്ലാൾപ്പണി, ഇടനില, ഏജൻസി;	दल्लाळ्प्पणि, इटनिल, एजन्सि;	brokerage, agency;
		2. वह कमीशन या धन जो उक्त व्यवसाय में व्यवसायी को लाभ या पारिश्रमिक के रूप में मिलता है।	ദല്ലാൾപ്പണം, ദല്ലാൾവട്ടം, കമ്മീഷൻ	दल्लाळ्प्पणं, दल्लाळ्वट्टं, कम्मिषन्	commission.
आढ़तिया	पुं.	वह जो आढ़त का काम करता हो।	ദല്ലാൾ, ഇടനിലക്കാരൻ	दल्लाळ्, इटनिलक्कारन्	broker, commission agent.
आणविक	वि.	अणु सम्बन्धी।	പരമാണു സംബന്ധമായ	परमाणुसंबन्धमाय	atomic, pertaining to atom.
आतंक	पुं.	1. भय, दहशत; 2. दबदबा।	സംഭ്രാന്തി; പ്രതാപം	संभ्रान्ति; प्रतापं	panic, terror, fear; influence.
आतंकवाद	पुं.	लोगों को डरा-धमकाकर अपना उद्देश्य सिद्ध करने का सिद्धांत।	ഭീകരതാവാദം	भीकरतावादं	terrorism.
आतंकवादी	वि.	आतंक का सिद्धांत मानने और उसके अनुसार काम करनेवाला।	ഭീകരതാവാദി	भीकरतावादि	terrorist.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आततायी	वि., पुं.	1. बहुत बड़ा उपद्रवी और दुष्ट; 2. वह जो आग लगाकर, विष देकर अथवा हत्या करके लोगों को लूटता और सताता हो, अत्याचारी।	ഉപദ്രവകാരി, ദുഷ്ടൻ, മർദ്ദകൻ അക്രമി, കൊള്ളക്കാരൻ,	उपद्रवकारि, दुष्टन्, मर्द्दकन्; अक्रमि; कॊळ्ळ-क्कारन्	tyrant; ruffian, ravisher.
आतिथेय	पुं.	अतिथि सत्कार करनेवाला, मेजबान।	ആതിഥേയൻ	आतिथेयन्	host.
	वि.	1. अतिथि-सम्बन्धी; 2. अतिथियों के लिए उपयुक्त।	അതിഥികൾക്കു ചേർന്ന	अतिथिकळक्कु चेर्न्न	relating to a guest; proper for or attentive to a guest, hospitable.
आतिथ्य	पुं.	अतिथि का सत्कार, आवभगत।	അതിഥി സൽക്കാരം, വിരുന്നു,	अतिथिसत्क्कार, विरुन्न्	hospitable reception, hospitality.
आतिशबाजी	स्त्री.	1. बारूद, गंधक आदि के योग से बनी हुई चीज़ें जिनके जलने पर रंग-बिरंगी चिनगारियां निकलती हैं; 2. उक्त के जलाने का दृश्य या तमाशा।	വെടിമരുന്നു, കരിമരുന്നു വെടിക്കെട്ടു, കരിമരുന്നു പ്രയോഗം	वॆटिमरुन्न्, करिमरुन्न्; वॆटिक्कट्ट्, करिमरुन्नु प्रयोगं	fireworks; display of fireworks.
आतुर	वि.	1. अधीर, बेसब्र, उतावला; 2. विकल, बेचैन; 3. रुग्ण, बीमार, पीड़ित।	ഉൽക്കണ്ഠാകുലനായ; വ്യാകുലനായ; സുഖക്കേടുള്ള, ദുഃഖിതനായ	उत्क्कण्ठाकुलनाय; व्याकुलनाय; सुखक्केटुळ्ळ, दुःखितनाय	impatient, hasty, precipitate; agitated, restless; diseased, sick, grieved.
आतुरता	स्त्री.	1. आतुर होने की अवस्था या भाव, अधीरता, उतावली, शीघ्रता; 2. बेचैनी, विकलता।	അക്ഷമ, ഉൽക്കണ്ഠം, തിടുക്കം, വെമ്പൽ; മനശ്ചാഞ്ചല്യം, അസ്വാസ്ഥ്യം, വ്യാകുലത,	अक्षम, उत्क्कण्ठ, तिटुक्कं, वॆंपल्; मनश्चांचल्यं, अस्वास्थ्यं, व्याकुलत	impatience, haste, precipitation; restlessness, agitation.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आत्म	वि.	1. स्वयं अपनी आत्मा के चेतन स्वरूप या मन से संबंध रखनेवाला;	തന്റെ തന്നെ സംബന്ധിച്ച;	तन्टे, तन्ने संबन्धिच्च;	self;
		2. अपना, निज का (जैसे आत्मकथा आदि)।	ആത്മ- (ആത്മകഥ ആദിയായ)	आत्म – (आत्मकथ आदियाय)	auto (meaning self as autobiography)
आत्मकथा	स्त्री.	स्वलिखित जीवन-चरित, आत्म-चरित।	ആത്മകഥ	आत्मकथ	autobiography.
आत्मकेंद्रित	वि.	अपने में ही मस्त रहनेवाला, अन्तर्मुखी वृत्तिवाला।	സ്വാർഥതൽപ്പരമായ	स्वार्थ तत्परमाय	self-centred, introvert.
आत्मगत	वि.	1. स्वगत, निजी;	വ്യക്തിനിഷ്ഠമായ, വ്യക്തിപരമായ,	व्यक्तिनिष्ठमाय, व्यक्तिपरमाय,	subjective, personal, relating to one-self;
		2. आत्म (चेतना या मन) से उद्भूत या उससे संबद्ध, बाह्य तत्त्वों या भौतिक पदार्थों से असंबद्ध;	ആത്മ സംബന്ധിയായ, ആത്മനിഷ്ഠമായ;	आत्मसंबन्धियाय, आत्मनिष्ठमाय;	produced in one's mind, unrelated to material factors;
		3. जो मन में ही सोचा या व्यक्त किया जाए, स्वगत (कथन)।	(നാടകത്തിൽ) സ്വഗതം, അനാത്മഗതം	नाटकत्तिलं स्वगतं, अन्तर्गतं	(in drama) aside (to denote that the words which follow are supposed to be heard by the audience only).
आत्मगौरव	पुं.	आत्मसम्मान, स्वाभिमान।	ആത്മാഭിമാനം,	आत्माभिमानं	self-respect.
आत्मघात	पुं.	1. स्वयं अपनी हत्या करना, आत्महत्या;	ആത്മഹത്യ;	आत्महत्य;	suicide;
		2. कोई ऐसा कार्य करना जिसमें अपनी ही बहुत अधिक हानि हो।	ആത്മഹത്യാപരമായ കാര്യം,	आत्महत्यापरमाय कार्यं	self-destruction.
आत्मघातक	वि.	अपनी हत्या या हानि करनेवाला।	ആത്മഹത്യാപരമായ,	आत्महत्यापरमाय	suicidal.
आत्मघाती	वि.	दे. आत्मघातक	നോ :आത്മഘാതക	नो : आत्मघातक	see 'आत्मघातक'

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आत्मचरित	पुं.	किसी का वह जीवन-चरित जो उसने स्वयं लिखा हो।	ആത്മകഥ, സ്വന്തം ജീവ ചരിത്രം	आत्मकथ, स्वन्तं जीवचरित्रं	autobiography.
आत्मज (स्त्री.आत्मजा)	पुं.	पुत्र, बेटा।	പുത്രൻ, മകൻ (സ്ത്രീ.) പുത്രി, മകൾ	पुत्रन्, मकन् (स्त्री.) पुत्रि, मकळ्	one's own offspring, a son (f. daughter).
आत्मज्ञान	पुं.	1. अपने सम्बन्ध में अथवा आत्मा के सम्बन्ध में होनेवाला ज्ञान, अध्यात्म ज्ञान;	തന്നെപ്പറ്റി യുള്ള അറിവ്, ആത്മ ജ്ഞാനം;	तन्नेप्परिरियुळ्ळ अरिव्, आत्मज्ञानं;	knowledge of the self;
		2. जीवात्मा और परमात्मा के संबंध में होनेवाला ज्ञान।	ആധ്യാത്മിക ജ്ഞാനം	आध्यात्मिकज्ञानं	knowledge of the soul or Supreme Spirit.
आत्मज्ञानी	पुं.	जिसे आत्मज्ञान हो, (आत्मा का स्वरूप जाननेवाला)।	ആത്മാവിനെ പ്പറ്റി അറിവു ള്ളവൻ,	आत्माविनेप्परिर् अरिवुळ्ळवन्,	one who knows Spirit or Self.
आत्मत्याग	पुं.	स्वार्थ त्याग, परोपकार के लिए अपने स्वार्थ या हित का विचार बिल्कुल छोड़ देना।	സ്വാർഥ പരിത്യാഗം, ആത്മാർ പണം	स्वार्थपरित्यागं, आत्मार्पणं	self-sacrifice.
आत्मनिरीक्षण	पुं.	अपने भावों, त्रुटियों और दोषों को स्वयं जानना-समझना, आत्मालोचन।	ആത്മ പരിശോധന, ആന്തരാവ ലോകനം	आत्मपरिशोधन्, आन्तरावलोकन्	introspection.
आत्मनिर्णय	पुं.	किसी देश के लोगों का अपनी राजकीय व्यवस्था स्वयं निश्चित करना।	സ്വയം നിർണയാവ കാശം	स्वयंनिर्णयावकाश	self-determination.
आत्मनिवेदन	पुं.	1. आत्मसमर्पण; 2. अपने संबंध में स्वयं किया गया निवेदन।	ആത്മ സമർപ്പണം; ആത്മ നിവേദനം	आत्मसमर्पणं; आत्मनिवेदन्	self-dedication; presenting one's own case.
आत्मनिष्ठ	वि.	आत्म(चेतना या मन) से उद्भूत और उससे संबद्ध, वस्तुनिष्ठ का विपर्याय।	വ്യക്തിനിഷ്ഠ മായ, ആത്മ നിഷ്ഠമായ	व्यक्तिनिष्ठमाय, आत्मनिष्ठमाय	subjective (as opposed to objective).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आत्मनिष्ठा	स्त्री.	आत्मविश्वास।	ആത്മ വിശ്വാസം	आत्मविश्वासं	self-confidence.
आत्मपरीक्षण	पुं.	अपने गुण-दोषों को स्वयं देखना, परखना या जाँचना, आत्ममंथन।	ആത്മ പരിശോധന	आत्मपरिशोधन	introspection, self-examination.
आत्मप्रशंसा	स्त्री.	अपने मुंह से की जानेवाली अपनी बड़ाई, आत्मश्लाघा।	സ്വയം പുക ഴ്ത്തൽ,	स्वयं पुकष्त्तल	self-praise, self-applause, boasting.
आत्मबल	पुं.	1. आत्मा में निहित बल या शक्ति, आध्यात्मिक शक्ति;	ആധ്യാത്മിക ശക്തി;	आध्यात्मिकशक्ति;	spiritual power;
		2. अपना या निजी बल।	സ്വശക്തി	स्वशक्ति	one's own power.
आत्मरक्षा	स्त्री.	स्वयं की जानेवाली अपनी रक्षा, अंपना बचाव।	സ്വരക്ഷ, ആത്മരക്ഷ	स्वरक्ष, आत्मरक्ष	self-defence, self-protection.
आत्मविश्वास	पुं.	अपनी शक्ति, योग्यता, कार्य, मत, सिद्धांत आदि की उपयुक्तता या सत्यता के संबंध में होनेवाला दृढ़ विश्वास, अपने पर भरोसा होना।	സ്വന്തം അഭി പ്രായങ്ങളിലും കഴിവുകളിലും ഉറച്ചുള്ള ദൃഢ വിശ്വാസം	स्वन्तं अभिप्राय-इ.ड.लिलुं कष्त्रि-कलिलुं मरुमुळळ दृढ़विश्वासं	confidence in one's own capabilities and capacities, self-confidence.
आत्मश्लाघा	स्त्री.	दे० 'आत्मप्रशंसा'।	ആത്മ പ്രശംസ	आत्मप्रशंस	see 'आत्मप्रशंसा'.
आत्मसमर्पण	पुं.	1. अपने आपको किसी के हाथ में सौंपना, पूरी तरह से किसी के अधीन या वश में होना;	ആത്മ സമർപ്പണം;	आत्मसमर्पणं;	self-surrender;
		2. अपनी सारी शक्तियों सहित किसी काम में लगना;	ആത്മാർ പ്പണം;	आत्मार्प्पणं;	dedication;
		3. हथियार डाल देना, अपने को शत्रु के हाथ में सौंपना।	ആയുധം വച്ച് കീഴടങ്ങൽ,	आयुधं वच्च् कीष्टङ्ड.ल	surrender.
आत्मसम्मान	पुं.	निजी या व्यक्तिगत सम्मान।	ആത്മാഭി മാനം	आत्माभिमानं	self-respect.
आत्मसात्	वि.	जो पूरी तरह से अपने अन्तर्गत कर लिया गया हों, अपने में लीन	പൂർണ്ണമായും തൻെറതാക്ക പ്പെട്ട	पूर्णमायुं तन्ट्रे-ताक्कप्पट्ट	brought under subjection or power, made one's

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		किया हुआ, पूरी तरह से अपना बनाया हुआ।			own, acquired or gained for one's self.
आत्महत्या	स्त्री.	अपने हाथों अपना वध, आत्मघात।	ആത്മഹത്യ, സ്വയം വധം	आत्महत्य, स्वयंवधं	suicide.
आत्मा	स्त्री.	1. शरीर को जीवित रखनेवाली अविनाशी, अतीन्द्रिय तथा अभौतिक शक्ति, जीवात्मा;	ആത്മാവ്, ജീവ ചൈതന്യം;	आत्माव्, जीवचैतन्यं;	soul, self;
		2. किसी वस्तु आदि का गूढ़ मूल तथा सार भाग;	ഗൂഢതത്വം, സാരം;	गूढतत्वं, सारं;	spirit, essence of anything;
		3. मन;	മനസ്സ്;	मनस्स्;	mind;
		4. ब्रह्म।	ബ്രഹ്മം	ब्रह्मं	Supreme Soul.
आत्मीय	वि.	1. अपना;	തന്റെതായ;	तन्टेताय;	one's own;
		2. घनिष्ठ, अंतरंग।	അന്തരംഗ-	अन्तरंग –	intimate.
	पुं.	इष्ट - मित्र तथा संबंधी जिनसे अपनापन का व्यवहार होता है, स्वजन।	അന്തരംഗമിത്രം, ഉറ്റ ചങ്ങാതി, ഉറ്റബന്ധു, സ്വജനം	अन्तरंगमित्रं, उर्र चङ्-ङ-ति, उर्रबन्धु, स्वजनं	relatives, kith and kin.
आत्मीयता	स्त्री.	आत्मीय होने की अवस्था या भाव, अपनापन, स्नेहसंबंध।	തന്റേതെന്ന നില അഥവാ ഭാവം, മമത,	तन्टेतेन्न निल अथवा भावं, ममत,	intimacy, kinship, relationship.
आत्मोत्सर्ग	पुं.	दूसरे के हित के लिए त्याग, आत्मबलिदान।	സ്വാർഥ പരിത്യാഗം	स्वार्थपरित्यागं	self-sacrifice.
आदत	स्त्री.	1. प्रकृति, स्वभाव;	സ്വാഭാവം;	स्वभावं;	nature;
		2. अभ्यास;	രീതി പതിവ്	रीति, पतिव्;	practice;
		3. टेव, बान।	ശീലം	शीलं	habit.
आदतन	क्रि. वि.	आदत के अनुसार, आदतवश।	ശീലംപോലെ	शीलंपोलं	habitually.
आदमकद	वि.	ऊँचाई में साधारणत: मनुष्य की ऊँचाई के बराबर हो।	മനുഷ്യനോളം ഉയരമുള്ള	मनुष्यनोळं उयरमुळ्ळ	of man's height.
आदमखोर	वि.	नरभक्षी।	നരഭോജിയായ	नरभोजियाय	man-eater, cannibal.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आदमी	पुं.	1. मनुष्य, व्यक्ति; 2. वयस्क और समझदार व्यक्ति;	ആൾ, വ്യക്തി;	आळ्. व्यक्ति;	man, human being; adult;
		3. नौकर;	സേവകൻ;	सेवकन्;	servant;
		4. पति (बोलचाल में)।	ഭർത്താവ്	भर्त्तावु	husband (coll).
आदर	पुं.	1. सम्मान, सत्कार; 2. पूज्य भाव; 3. सम्मानपूर्वक अनुपालन या स्वीकार करना।	ആദരം; ഭക്തി; ആദരപൂർവക മായ സ്വീകാരം	आदरं; भक्ति; आदरपूर्वकमाय स्वीकारं	honour, respect; reverence; acceptance with deference.
आदरणीय	वि.	आदर किए जाने योग्य।	ആദരിക്കത്തക്ക, സംപൂജ്യനായ	आदरिक्कत्तक्क, संपूज्यनाय	respected, respectable, honourable.
आदरभाव	पुं.	आदर-सत्कार, पूज्यभाव।	ബഹുമാനം, സൗകരം,	बहुमानं, सत्क्कारं	respect, reverence.
आदर्श	पुं.	1. अनुकरणीय, श्रेष्ठ; 2. नमूना, बानगी; 3. दर्पण, शीशा।	ശ്രേഷ്ഠം; ഉദാഹരണം; ദർപ്പണം, കണ്ണാടി	श्रेष्ठं; उदाहरणं; दर्पणं, कण्णाटि	ideal; model; looking glass, mirror.
आदर्शवाद	पुं.	वह सिद्धांत कि मनुष्य को सदा आदर्श अपने सामने रखकर उनकी सिद्धि या प्राप्ति के लिए सब कार्य करने चाहिए।	ആദർശവാദം	आदर्शवादं	idealism.
आदर्शवादी	वि.	आदर्शवाद को मानने और उसके अनुसार चलनेवाला।	ആദർശ വാദിയായ	आदर्शवादियाय	idealist.
आदान	पुं.	ग्रहण करना, स्वीकार करना, लेना।	സ്വീകാരം, എടുക്കൽ	स्वीकारं. एंटुक्कल	taking, accepting, receiving.
आदान-प्रदान	पुं.	लेना-देना।	കൊടുക്കൽ വാങ്ങൽ	कोटुक्कल् वाङ्ङल्	taking and giving,exchange.
आदाब	पुं.	1. नमस्कार, प्रणाम;	വന്ദനം, അഭിവാദനം;	वन्दनं, अभिवादनं;	salutation, compliment;
		2. आचरण, व्यवहार आदि के नियम।	ഉപചാരം, ആചാരമര്യാദ	उपचारं, आचारमर्यादा	manners.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आदि	पुं.	1. मूल; 2. आरम्भ, शुरू।	ഉറവിടം; ആരംഭം. തുടക്കം	उऱविटं; आरंभं, तुटक्कं	origin, source; beginning, commencement.
	वि.	1. पहला; 2. आरंभ का।	ഒന്നാമത്തെ; ആദ്യമേയുള്ള	ओन्नामत्तें; आदयमेयुळळ,	first; prior.
	अव्य.	इसी प्रकार और या बाकी सब भी, इत्यादि, वगैरह।	തുടങ്ങിയ, മുതലായ, ഇത്യാദി,	तुटङ्ङिय, मुतलाय, इत्यादि	et-cetera, and so on.
आदित्य	पुं.	सूर्य।	സൂര്യൻ	सूर्यन्	sun.
आदिम	वि.	1. सबके आदि में होनेवाला, प्रथम, पहला; 2. जो बहुत पुराना, आरंभिक, अविकसित और बिल्कुल सीधे सादे ढंग का हो।	ആദ്യത്തെ, ഒന്നാമത്തെ; പുരാതനമായ, ആദ്യ കാലത്തെ,	आद्यत्तें, आंन्नामत्तें; पुरातनमाय, आद्यकालत्तें,	primeval, first; primitive.
आदिमजाति	स्त्री.	किसी देश में रहनेवाली सबसे पहली और पुरानी मनुष्य जाति।	ആദിവാസി വർഗം	आदिवासिवर्गं	aborigine, primitive people, tribe.
आदिवासी	पुं.	1. किसी देश का मूल निवासी; 2. जनजाति का सदस्य।	ആദിവാസി;	आदिवासि;	aborigine; tribal people.
आदी	वि.	जिसे किसी चीज की आदत या लत लग गई हो, अभ्यस्त।	പരിശീലിച്ച, പരിചയിച്ച; ശീലമായിട്ടുള്ള	परिशीलिच्च, परिचयिच्च, शीलमायिट्टुळळ	habituated, accustomed.
आदेश	पुं.	1. आज्ञा, हुक्म; 2. व्याकरण में किसी नियम के अनुसार एक वर्ण के स्थान पर दूसरे वर्ण का आना; 3. ग्रह - नक्षत्रों की स्थिति का फल।	ഉത്തരവ്; നക്ഷത്രഫലം	उत्तरव्; नक्षत्रफलं	order, command; a substitute, substituted form or letter; (in astrology) event,result, consequence of the conjunction of stars.
आद्य	वि.	1. आदि का, प्रथम;	ഒന്നാമത്തെ, ആദിമമായ;	आंन्नामत्तें, आदिममाय;	first, primary, primitive;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. आरंभिक;	പ്രാരംഭിക മായ;	प्रारंभिकमाय;	being at the beginning, earlier;
		3. प्रधान, मुख्य।	പ്രധാനമായ, മുഖ്യമായ	प्रधानमाय, मुख्यमाय	chief, principal, pre-eminent.
आद्यक्षर	पुं.	(कई पदों वाले) नाम के प्रत्येक पद का आरंभिक अक्षर जिसका प्रयोग प्रायः संक्षिप्त रूप में नाम बताने, हस्ताक्षर करने आदि के समय होता है।	പല പദങ്ങളുള്ള പേരിലെ ഓരോ പദത്തിന്റെയും ആദ്യക്ഷരങ്ങൾ	पल पदंङ्ङळ्ळ पेरिल् ओरो पदत्तिन्ट्रेयुं आदयक्षरङ्ङळ्	initials.
आद्योपांत	क्रि. वि.	आदि से अंत तक।	ആദ്യന്തം	आदयन्तं	from beginning to end.
आधा	वि.	1. वस्तु के दो समान भागों में से हर एक;	പകുതി, പാതി, ഓര;	पकुति, पाति, अर;	half;
		2. जो पूरा न हो बल्कि आधे के लगभग हो;	അപൂർണമായ;	अपूर्णमाय;	incomplete, insufficient;
		3. बहुत ही कम, थोड़ा, कुछ।	അൽപമായ, കുറച്ച്	अल्पमाय, कुरच्च्	part, a little.
आधान	पुं.	1. रखना, स्थापन (यथा-गर्भाधान);	ധരിക്കൽ, സ്ഥാപിക്കൽ;	धरिक्कल्, स्थापिक्कल्;	placing, containing;
		2. वह अवकाश, पात्र या स्थान जिसमें कोई चीज़ रखी जाए या रखी जा सके, पात्र।	ഇടം, പാത്രം	इटं, पात्रं	receptacle.
आधार	पुं.	1. नीचे की वह वस्तु जिसके ऊपर कोई दूसरी वस्तु टिकी या रखी हो;	ഒരു വസ്തു വിനെ താങ്ങുന്ന, അതിനടിയിലുള്ള വസ്തു;	ओरु वस्तुविन् ताङ्ङुन्न, अतिनटियिलुळ्ळ वस्तु;	foundation, basis;
		2. वह जो किसी को किसी प्रकार का सहारा देता हो, अवलंब, भरोसा;	ആലംബം, താങ്ങ്, ആശ്രയം;	अवलंबं, ताङ्ङ्, आश्रयं;	support, prop;
		3. कारण;	കാരണം	कारणं	ground;
		4. ज्यामिति में वह रेखा या तल जिस पर कोई आकृति या ठोस ठहरा हुआ या स्थित माना जाता है।			base.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आधारभूत	वि.	आधार रूप में स्थित, मूलभूत।	ആധാരമായ, മൗലികമായ	आधारमाय, मौलिकमाय	fundamental.
आधार-शिला	स्त्री.	वह पहला पत्थर जो नींव में रखा जाता है और जिसके ऊपर इमारत या भवन बनता है।	അടിത്തറയ്ക്കിടുന്ന, ആദ്യത്തെ കല്ല്, തറക്കല്ല്	अटित्तरयक्किटुन्न, आदयत्तेकल्ल, तर्क्कल्ल	foundation stone.
आधारित	वि.	जो किसी के आधार पर टिका या ठहरा हुआ हो, किसी को आधार बनाकर उस पर आश्रित रहनेवाला।	മറ്റൊന്നിനെ ആധാരമാക്കി സ്ഥിതി ചെയ്യുന്ന, ആശ്രിതമായ	मर्रोन्निन् आधारमाक्कि स्थिति चेय्युन्न, आश्रितमाय	based on, dependent on.
आधासीसी	पुं.	आधे सिर का दर्द, अधकपारी।	തലയുടെ പകുതി ഭാഗത്തുള്ള വേദന	तलयुटे पकुति भागत्तुळ्ळ वेदन्	pain affecting half the head.
आधिकारिक	वि.	1. किसी अधिकारी के द्वारा या अधिकारपूर्वक किया या कहा हुआ; 2. सरकारी।	സന്ദേഹരഹിതമായ; ആധികാരികമായ	सन्देहरहितमाय; आधिकारिकमाय	authoritative; official.
आधिक्य	पुं.	अधिक होने की अवस्था या भाव, अधिकता।	അധികത, കവിച്ചിൽ	अधिकत, कविच्चिल्	abundance, excess.
आधिदैविक	वि.	1. देव, प्रकृति आदि के द्वारा प्राप्त होनेवाला, देवताकृत; 2. जो साधारणत: प्राकृतिक या लोकगत न हो बल्कि उससे बहुत बढ़कर हो।	ദൈവഗത്യാസംഭവിക്കുന്ന; പ്രകൃത്യതീതമായ, അലൗകികമായ	दैवगत्या संभविक्कुन्न; प्रकृत्यतीतमाय, अलौकिकमाय	caused by fate, spirits, etc; supernatural.
आधिपत्य	पुं.	1. प्रभुत्व; 2. अधिकार, कब्जा; 3. अधिपति होने की अवस्था या भाव।	പരമാധികാരം; അധീനത, കൈവശം; ഭരണകർത്തൃത്വം	परमाधिकार; अधीनत, कैवशं; भरणकर्तृत्व	sovereignty; supremacy; possession, occupation; lordship, governorship.
आधिभौतिक	वि.	प्राणियों या भौतिक पदार्थों से संबद्ध या उनसे उत्पन्न।	ഭൗതികമായ	भौतिकमाय	physical, material.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आधिव्याधि	स्त्री.	मानसिक कष्ट और शारीरिक पीड़ा, दुख और वेदना।	മാനസികവും ശാരീരികവും മായ ദുഃഖം	मानसिकवुं शारीरिकवुं आय दुःखं	mental and physical pain, grief and distress.
आधुनिक	वि.	1. वर्तमान काल की विशेषताओं से प्रभावित;	നൂതനമായ, പുതിയ, അഭിനവമായ;	नूतनमाय, पुतिय, अभिनवमाय;	modern;
		2. आजकल का, वर्तमान काल का।	ഇക്കാലത്തെ	इक्कालत्तं,	new, recent.
आधुनिकता	स्त्री.	1. वर्तमानकाल की विशेषताओं से युक्त होने का भाव;	നവീനത്വം, പുതുമ;	नवीनत्वं, पुतुम;	modernity;
		2. आधुनिक होने का भाव।	ആധുനികത്വം	आधुनिकत्वं	recentness, newness.
आध्यात्मिक	वि.	परमात्मा और आत्मा से सम्बन्ध रखनेवाला।	ആധ്യാത്മികമായ	आध्यात्मिकमाय	relating to the supreme spirit and soul.
आनन्द	पुं.	हर्ष, खुशी, मौज।	സന്തോഷം, ആഹ്ലാദം	सन्तोषं, आह्लादं	bliss, joy, delight, happiness, pleasure.
आनन्दित	वि.	प्रसन्न, हर्षित।	പ്രസന്നനായ, സന്തുഷ്ടനായ	प्रसन्ननाय, संतुष्टनाय	pleased, delighted, joyful, cheerful.
आन	स्त्री.	1. प्रतिज्ञा, संकल्प, सिद्धांत आदि के पालन की वह दृढ़ भावना जिसके मूल में अपनी या अपनी जाति, वर्ग या समाज आदि की प्रतिष्ठा या मर्यादा की रक्षा का विचार प्रधान होता है;	അഭിമാനം, പ്രൗഢി, ഗർവം, അന്തസ്സ്, പ്രതാപം, ഗൗരവം സൽകീർത്തി;	अभिमानं, प्रौढि, गर्वं, अन्तस्सु, प्रतापं, गौरवं, सत्कीर्त्ति;	pride, honour, dignity, reputation;
		2. उक्त के आधार पर ली जानेवाली शपथ।	പ്രതിജ്ഞ ശപഥം	प्रतिज्ञ, शपथं	oath, pledge, vow.
आनन	पुं.	मुख, चेहरा।	വായ്, മുഖം	वाय्, मुखं	mouth, face.
आनन-फानन	क्रि. वि.	तुरन्त, अतिशीघ्र।	അതിവേഗത്തിൽ, ഉടനടി	अतिवेगत्तिल्, उटनटि	instantaneously, at once, in a moment.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आनबान	स्त्री.	1. सजधज, शान, ठाठबाट; 2. प्रतिष्ठा।	മോടി, ആഡംബരം; അന്തസ്സ്.	मोटि, आडंबरं; अन्तस्स्	elegance, grace, pomp and show; dignity.
आना	अ. क्रि.	1. आगमन होना, एक जगह से चलकर दूसरी जगह पहुँचना; 2. घटित होना, उत्पन्न होकर सामने उपस्थित या प्रत्यक्ष होना; 3. गुण, योग्यता आदि की अभिवृद्धि या विकास होना; 4. ज्ञान या जानकारी होना; 5. किसी अवस्था या स्थिति में पहुँचना या होना।	എത്തുക, എത്തിച്ചേരുക, വന്നെത്തുക; ഇടയാകുക, ഉണ്ടായി വരിക; വളരുക, വികസിക്കുക; അറിവുണ്ടാകുക, അറിയുക; സംഭവിക്കുക, ഉളവാകുക	एंत्तुक, एंत्तिच्चेरुक, वन्नेत्तुक; इटयाकुक, उण्टायिवरिक; वळरुक, विकसिक्कुक; अरिवुण्टाकुक, अरियुक; संभविक्कुक, उळवाकुक	to come, to arrive, to reach; to happen, to appear; to grow or increase. to know; to come to pass, to come forth.
आनाकानी	स्त्री.	1. टालमटोल या हीला-हवाला; 2. कोई बात सुनकर भी न सुनी हुई के समान करना।	ഒഴികഴിവ്, ഒഴിവാക്കൽ; കേട്ടിട്ടും കേൾക്കാത്ത മട്ട്	ऒषिकषिव्, ऒषिवाक्कल्; केट्टिट्टुं केळक्कात्त मट्ट	hesitation, avoidance; turning a deaf ear to.
आना-जाना	पुं.	1. मिलना - जुलना; 2. जन्म - मृत्यु।	വന്നും പോയുമിരിക്കൽ; ജനനവും മരണവും	वन्नुं पोयुमिरिक्कल; जनन्नुं मरणवुं	coming and going, frequent visits; birth and death.
आनुमानिक	वि.	अनुमान या अटकल पर आश्रित या उससे संबंधित।	അനുമാനാധിഷ്ഠിതമായ	अनुमानाधिष्ठितमाय	inferential, conjectural.
आनुवंशिक	वि.	वंशपरम्परा से प्राप्त, पुश्तैनी।	പരമ്പരാഗതമായ	परंपरागतमाय	hereditary.
आनुषंगिक	वि.	1. संबद्ध, संयुक्त; 2. गौण, गौण रूप से किसी के साथ या पीछे होनेवाला।	ബന്ധപ്പെട്ട; അപ്രധാനമായ	बन्धप्पेट्ट; अप्रधान्माय	incidental; secondary.
आप	वि.	1. स्वयं, स्वतः खुद;	താൻ, സ്വയം;	तान्, स्वयं;	self, yourself, himself, myself;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. 'तुम' या 'वे' के स्थान पर प्रयुक्त आदरसूचक सर्वनाम।	താങ്കൾ, അദ്ദേഹം	तांकळ्, अद्देहं	you (honorific pronoun).
आपत्काल	पुं.	विपत्ति का समय, कठिनाई के दिन।	ആപത്കാലം, കഷ്ടകാലം,	आपत्कालं, कष्टकालं	time of trouble or distress, emergency.
आपत्ति	स्त्री.	1. एतराज; 2. कष्ट, क्लेश, दु:ख, संकट।	വിയോജിപ്പ്; ക്ലേശം, പ്രയാസം, ദുഃഖം	वियोजिप्पु; क्लेशं, प्रयासं, दु:खं	objection; calamity, distress, trouble.
आपदा	स्त्री.	1. विपत्ति, आफत; 2. क्लेश, दु:ख; 3. कष्ट या विपत्ति का समय।	നാശം; ക്ലേശം; ആപത്കാലം, വിഷമഘട്ടം.	नाशं; क्लेशं; आपत्कालं, विषमघट्टं	calamity, disaster; distress, adversity; time of calamity or trouble.
आपबीती	स्त्री.	अपने ऊपर बीती हुई घटना या उसका उल्लेख।	സ്വന്തം അനുഭവം.	स्वन्तं अनुभवं	story of one's own life.
आपस	अव्य.	पारस्परिक सम्बन्ध सूचक एक अव्यय जिसका प्रयोग कुछ विभक्तियों के लगने पर कहीं क्रिया-विशेषण और कहीं विशेषण की तरह होता है।	പരസ്പരം, അന്യോന്യം, പരസ്പരമുള്ള	परस्परं, अन्योन्यं, परस्परमुळ	mutually, mutual.
आपसदारी	स्त्री.	1. परस्पर निकट सम्बन्ध, भाईचारा; 2. आत्मीयता।	പരസ്പര ബന്ധം, സാഹോദര്യം; അടുപ്പം	परस्परबन्धं, साहोदर्यं; अटुप्पं,	mutual relation-ship, brotherhood, fraternity; intimacy.
आपसी	वि.	आपस का, पारस्परिक।	അന്യോന്യ	अन्योन्य –	mutual, reciprocal.
आपा	पुं.	1. अपना अस्तित्व या सत्ता, निजत्व; 2. अहंकार, अहंभाव।	സ്വന്തം അസ്തിത്വം; അഹങ്കാരം	स्वन्तं अस्तित्वं; अहंकारं,	self, existence of the self; vanity, arrogance.
आपात	पुं.	1. घटना का अचानक घटित होना; 2. अकल्पित रूप से अचानक होनेवाली घटना या बात।	ആകസ്മികമായി സംഭവിക്കൽ ആകസ്മിക സംഭവം	आकस्मिकमायि संभविक्कल; आकस्मिक संभवं	sudden appearance; appearance.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आपाती	वि.	बिना आशा या संभावना के अचानक घटित होनेवाला।	അവിചാരിതമായി സംഭവിച്ച	अविचारितमायि संभविच्च	emergent.
आपाधापी	स्त्री.	ऐसी स्थिति जिससे सभी लोग अपना-अपना स्वार्थ सिद्ध करने में लगे हों और दूसरे के हानि-लाभ का ध्यान न रखते हों।	സ്വാർഥ പരായണത, തൻകാര്യം കാണൽ, സ്വാർഥ വ്യഗ്രത	स्वार्थपरायणत, तन्कार्यं काणल्, स्वार्थव्यग्रत	a race for self, eagerness to gratify self, selfishness.
आपेक्षिक	वि.	1. जिसका अस्तित्व दूसरी वस्तु पर आश्रित हो, निर्भर रहनेवाला;	മറ്റൊന്നിനെ ആശ്രയിച്ചുള്ള;	मर्र्ऱान्निन्नं आश्रयिच्चुळ्ळ;	relative;
		2. अपेक्षा रखनेवाला;	അപേക്ഷിച്ചുള്ള	अपेक्षिच्चुकळ	expectant;
		3. तुलनात्मक।	തുലനാത്മകമായ	तुलनात्मकमाय	comparative.
आप्त	वि.	1. प्रामाणिक, विश्वसनीय;	വിശ്വസനീയമായ;	विश्वसनीयमाय;	trustworthy, reliable, authentic;
		2. आया, पहुँचा या मिला हुआ;	പ്രാപിച്ച, ലഭിച്ച;	प्रापिच्च, लभिच्च;	got, obtained, gained;
		3. यथार्थ ज्ञान रखनेवाला।	യഥാർഥ ജ്ഞാനമുള്ള	यथार्थज्ञामुळ्ळ,	having real knowledge.
	पुं.	विश्वसनीय व्यक्ति।	വിശ്വസ്ത വ്യക്തി	विश्वस्तव्यक्ति	credible and authentic person.
आफत	स्त्री.	मुसीबत, क्लेश, संकट।	ആപത്ത്, ക്ലേശം	आपत्त्, क्लेशं,	distress, trouble, calamity, misfortune.
आब	पुं.	पानी।	ജലം, വെള്ളം,	जलं, वॆळ्ळं,	water.
	स्त्री.	चमक, कांति।	തിളക്കം, ശോഭ, കാന്തി	तिळक्कं, शोभ, कान्ति	lustre, brilliance, elegance.
आबकारी	स्त्री.	1. शराब बनाने या बेचने का स्थान;	മദ്യമുണ്ടാക്കുന്ന സ്ഥലം;	मद्यमुण्टाक्कुन्न स्थलं;	distillery;
		2. मद्य या मादक वस्तुओं का व्यवसाय;	മദ്യ വ്യവസായം;	मद्यव्यवसायं;	business of distiller;
		3. मादक वस्तुओं से संबंधित सरकारी विभाग।	എക്സൈസ് ഡിപ്പാർട്ട്മെൻറ്	एक्सैस् डिप्पार्ट्टुमॆन्ट्	excise, the excise department.
आबदार	वि.	चमकवाला, चमकीला।	തിളങ്ങുന്ന;	तिळङ्ङुन्न;	lustrous, brilliant.
	पुं.	पानी पिलानेवाला।	വെള്ളംകോരുന്നവൻ ഭൃത്യൻ	वॆळ्ळं कोरुन्न भृत्यन्	waterman.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आबद्ध	वि.	1. बँधा हुआ, जकड़ा हुआ;	ബന്ധിക്കപ്പെട്ട;	बन्धिक्कप्पॅट्ट;	bound, tied;
		2. बंधन में पड़ा हुआ, कैद।	ബന്ധനത്തിൽ പ്പെട്ട	बन्धनत्तिलप्पॅट्ट,	confined, imprisoned.
आबपाशी	स्त्री.	खेतों आदि की सिंचाई।	ജലസേചനം	जलसेचनं	irrigation.
आबरू	स्त्री.	1. इज्जत, प्रतिष्ठा;	പദവി;	पदवि;	veneration, honour;
		2. सतीत्व।	സതീത്വം	सतीत्वं	chastity.
आबहवा	स्त्री.	जलवायु।	കാലാവസ്ഥ	कालावस्थ	climate.
आबाद	वि.	1. बसा हुआ;	ആൾപ്പാർപ്പുള്ള;	आळ्प्पार्प्पुळ्ळ;	populated, inhabited;
		2. सम्पन्न, खुशहाल, फलता-फूलता(व्यक्ति);	സമ്പന്നനായ, സന്തുഷ്ടനായ,	संपन्ननाय, संतुष्टनाय,	flourishing, prosperous;
		3. जोती-बोई जानेवाली (भूमि)।	കൃഷിചെയ്യുന്ന (ഭൂമി)	कृषिचॅय्युन्न (भूमि)	cultivated.
आबादी	स्त्री.	1. बस्ती;	ആൾപ്പാർപ്പ്;	आळ्प्पार्प्;	habitation, colony;
		2. जनसंख्या।	ജനസംഖ്യ	जनसंख्य	population, number of inhabitants.
आभरण	पुं.	आभूषण, गहना।	ഭൂഷ, ആഭരണം	भूष, आभरणं	ornament, decoration.
आभा	स्त्री.	1. चमक, द्युति;	ദീപ്തി;	दीप्ति;	lustre, splendour;
		2. किसी चीज़ की कुछ अस्थायी झलक या प्रतिबिंब;	മിന്നിമറയൽ, മിന്നലാട്ടം, പ്രതിബിംബം;	मिन्निमर्यल, मिन्नुलाट्टं, प्रतिबिंबं;	reflected image or shadow;
		3. रंगत, स्वाद आदि की साधारण से कुछ कम या हल्की छाया या प्रतीति।	(നിറം, സ്വാദ് തുടങ്ങിയവയുടെ) കലർപ്പ്	(निरं, स्वाद् तुटङ्ङियवयुटॅ) कलर्प्प्	tinge.
आभार	पुं.	एहसान, किसी के उपकार के लिए प्रकट की जानेवाली कृतज्ञता।	നന്ദി, കൃതജ്ഞത	नन्दि, कृतज्ञत	gratefulness, thankfulness.
आभारी	वि.	कृतज्ञ, एहसानमन्द।	നന്ദിയുള്ള, കൃതജ്ഞനായ	नन्दियुळ्ळ, कृतज्ञनाय	obliged, thankful, grateful.
आभास	पुं.	1. झलक, छाया;	പ്രതിച്ഛായ, നിഴൽ;	प्रतिच्छाय, निषल्;	reflection, shadow;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी चीज के अनुकरण पर बनी हुई कोई दूसरी चीज जो पूरी या शुद्ध न होने पर भी बहुत कुछ मूल की छाया से युक्त हो और देखने में बहुत कुछ वैसी ही जान पड़ती हो;	യഥാർഥവസ്തു വെന്ന തോന്ന ലുണ്ടാക്കുന്ന കൃത്രിമവസ്തു;	यथार्थवस्तुवंन्न तांन्नलुण्टाक्कुन्न कृत्रिमवस्तु;	to appear untruly or have an appearance;
		3. मिथ्यांप्रतीति, भ्रम;	ഭ്രമം;	भ्रमं;	unreal appearance;
		4. किसी चीज या बात में दिखाई देनेवाली किसी दूसरी चीज या बात की ऐसी छाया या झलक जो उस दूसरी चीज या बात का कुछ अनुमान कराती हो, प्रतीति।	തോന്നൽ, പ്രതീതി, മിഥ്യാസാമ്യ പ്രതീതി	तोन्नल्, प्रतीति, मिथ्या-साम्यप्रतीति	fallacious resemblance.
आभिजात्य	पुं.	कुलीनता, ऊँचे कुल में उत्पत्ति।	കുലശ്രേഷ്ഠത, ആഭിജാത്യം	कुलश्रेष्ठत, आभिजात्यं	nobility, noble birth.
आभीर	पुं.	अहीर, ग्वाला।	ഗോപൻ	गोपन्	milkman, cowherd
आभूषण	पुं.	1. अलंकार, जेवर;	ആഭരണം, ചമയം;	आभरणं, चमयं;	ornament, jewellery;
		2. वह चीज जो अन्य चीज की शोभा बढ़ाती हो, शोभावर्धक तत्व।	അലങ്കാരം, അലങ്കരണ പദാർത്ഥം	अलंकारं, अलंकरण पदार्थं	decoration, finery.
आभ्यंतर	वि.	भीतर का, भीतरी, अन्दरूनी।	അകത്തെ, ആഭ്യന്തരമായ	अकत्तें, आभ्यन्तरमाय	interior, internal, inward.
आमंत्रण	पुं.	1. अपने यहां बुलाने के लिए दिया जाने वाला निमंत्रण;	ക്ഷണം, നിമന്ത്രണം;	क्षणं, निमन्त्रणं;	invitation;
		2. पुकारना, बुलाना।	വിളി	विळि	call.
आमंत्रित	-वि.	1. निमंत्रण देकर बुलाया हुआ;	ക്ഷണിക്കപ്പെട്ട;	क्षणिक्कप्पट्ट;	invited;
		2. पुकारा या बुलाया हुआ।	വിളിക്കപ്പെട്ട	विळिक्कप्पट्ट	called.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आम	पुं.	एक प्रसिद्ध फल और उसका पेड़, आम।	മാങ്ങ, മാവ്, ആമ്രം	माङ्ङ, माव्, आम्रं	mango.
	वि.	1. जो लोक में बहुत प्रचलित हो;	എല്ലായിടത്തുമുള്ള;	एल्लायिटत्तु-मुळ्ळ;	common;
		2. जिसमें सब लोग सम्मिलित हो सकें, सार्वजनिक;	പൊതുവായ, പൊതു-;	पोतुवाय, पोतु –;	public;
		3. साधारण, सामान्य।	സാമാന്യമായ	सामान्यमाय	general, common
आमद	स्त्री.	1. आने की क्रिया या भाव, आगमन, अवाई;	വരവ്, ആഗമനം;	वरव्, आगमनं;	arrival, coming;
		2. आय, आमदनी।	വരവ്, ആദായം	वरव्, आदायं	income, revenue.
आमदनी	स्त्री.	आय, आने या प्राप्त होनेवाला धन।	ആദായം, ലാഭം	आदायं, लाभं	income, receipt.
आमना–सामना	पुं.	1. भेंट, साक्षात्कार;	കൂടിക്കാഴ്ച, സന്ദർശനം;	कूटिक्काष्च सन्दर्शनं;	meeting, interview;
		2. परस्पर एक-दूसरे के सामने होने की अवस्था या भाव;	അഭിമുഖ ദർശനം, നേരിടൽ;	अभिमुखदर्शनं, नेरिटल्;	encounter, confrontation;
		3. एक-दूसरे के सामनेवाला भाग।	മുൻഭാഗം എതിർവശം	मुन्भागं, एंतिर्वशं	facing, opposite.
आमने–सामने	क्रि. वि.	1. एक-दूसरे के सामने या मुकाबले में;	അഭിമുഖമായി;	अभिमुखमयि;	face to face, in front;
		2. इधर तथा उधर।	ഇങ്ങുമങ്ങും	इङ्ङु-मङ्ङु-	opposite to one another.
आमरण	वि.	मरणपर्यन्त, जीवन के अन्त तक।	മരണംവരെ (യുള്ള)	मरणंवरे(युळळ)	till death.
आमादा	वि.	तत्पर, उद्यत।	സന്നദ്ധനായ, ഒരുങ്ങിയ,	सन्नद्धनाय, ओरुङ्-डि-य	ready, intent, bent upon.
आमाशय	पुं.	प्राणियों के पेट के अन्दर की वह थैली जिसमें भोजन पचता है, मेदा।	ആമാശയം	आमाशयं	stomach.
आमिष	पुं.	मांस, गोश्त।	മാംസം, ഇറച്ചി	मांसं, इर्च्चि	flesh, meat.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
आमुख	पुं.	प्रस्तावना, भूमिका।	പ്രസ്താവന, ഭൂമിക, മുഖവുര	प्रस्तावन्, भूमिक, मुखवुर	introduction, preface.
आमूल	क्रि. वि.	1. मूलपर्यन्त, जड़तक, जड़ से; 2. पूरी तरह, समग्रतः।	വേരോളം, വേരോടെ; പൂർണമായും	वेरोळं, वेरोटं; पूर्णमायुं,	to the root, by the root; completely.
आमोद	पुं.	1. हर्ष, प्रसन्नता; 2. मन बहलाने या प्रसन्नता प्राप्त करने के लिए किया जानेवाला काम।	പ്രസന്നത; ഉല്ലാസം, വിനോദം	प्रसन्नत; उल्लासं, विनोदं	joy, pleasure; amusement, merriment.
आमोद-प्रमोद	पुं.	1. ऐसे काम जो केवल मन बहलाने और चित्त प्रसन्न करने के लिए होते या किए जाते हों; 2. भोगविलास, सुख-चैन।	വിനോദം, മനോരഞ്ജനം, ലീലാ വിനോദം, ഉല്ലാസകേളി; സുഖസമൃദ്ധി	विनोदं, मनोरंजनं, लीलाविनोदं, उल्लासकेळि; सुखसमृद्धि	entertainment, merriment; luxury, orgy.
आय	स्त्री.	पारिश्रमिक, लाभ आदि के रूप में प्राप्त धन, आमदनी।	വരവ്, വരുമാനം, ആദായം	वरव्, वरुमानं, आदायं	income, gain.
आयकर	पुं.	राज्य की ओर से लोगों की आय पर लगनेवाला कर।	ആദായ നികുതി	आदायनिकुति	income-tax.
आयत	वि. पुं.	लम्बा-चौड़ा, विस्तृत, विशाल। चार भुजाओंवाला वह क्षेत्र जिसके आमने-सामने की भुजाएं समानांतर और चारों कोण समकोण हों।	നീളവും വീതിയുമുള്ള, വിസ്തൃത മായ, വിശാല മായ	नीळवुं वीतियुमुळ्ळ, विस्तृतमाय, विशालमाय	long, large, wide. oblong figure, rectangle.
	स्त्री.	कुरान का कोई वाक्य।	ഖുറാനിലെ വാക്യം	खुरानिलुं वाक्यं	a sentence of the Quran.
		2. किए हुए कामों का दिया या लिया जानेवाला विवरण, कैफियत।	ചെയ്ത കാര്യങ്ങളെപ്പറ്റിയുള്ള വിവരണം	चेय्त कार्य-ङ्ङळेप्परि्युळळ विवरणं	review.
जायदाद	स्त्री.	माल-असबाब, संपत्ति, जगह, जमीन।	വസ്തുവകകൾ, സമ്പത്ത്	वस्तुवककळ, सम्पत्त्	property, estate.
जायफल	पुं.	एक प्रकार का सुगंधित फल जो औषध और मसाले के काम आता है।	ജാതിക്ക	जातिक्क	nut meg, **Myristica moschata.**
जाया	स्त्री.	विवाहिता स्त्री।	ഭാര്യ, പത്നി	भार्य, पत्नि	wife.
ज़ाया	वि.	व्यर्थ, नष्ट।	വ്യർഥമായ	व्यर्थमाय	waste, ruined.
जार	पुं.	पर-स्त्री से संबंध रखनेवाला, उपपति।	രഹസ്യ കാമുകൻ	रहस्य कामुकन्	a paramour of a married woman.
जारज	वि.	वह बालक जो उपपति अथवा परपुरुष के योग से उत्पन्न हुआ हो।	ജാരനിൽ ജനിച്ച കുട്ടി, ജാരസന്താനം	जारनिल् जनिच्च कुट्टि, जारसन्तानं	the child of a woman by her paramour, bastard.
जारी	वि.	1. प्रचलित, जिसका चलन या प्रचलन बराबर हो रहा हो;	പ്രചാരത്തിലുള്ള, നടപ്പിലുള്ള,	प्रचारत्तिलुळळ, नटप्पिलुळळ,	current, in use;
		2. जिसका प्रवाह बराबर हो रहा हो;	തുടരുന്ന, തുടർന്നുവരുന്ന	तुटरुन्न, तुटर्न्नुवरुन्न,	running;
		3. (नियम आदि) जो इस समय लागू हो।	കാലഹരണപ്പെട്ടിട്ടില്ലാത്ത	कालहरणप्पट्टि-ट्टिल्लात्त	in force.
जारी करना	स.क्रि	निकालना, चलाना, आरम्भ करना।	ഇറക്കുക, പ്രചരിപ്പിക്കുക, നടപ്പാക്കുക, ആരംഭിക്കുക	इर्क्कुक, प्रचरिप्पिक्कुक, नटप्पाक्कुक, आरंभिक्कुक	to issue, to enforce, to introduce, to start.
जाल	पुं.	1. सूत, सन आदि की	വല;	वल;	net, mesh, snare;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		जालीदार बुनी हुई चीज़ जिसमें मछलियां, चिड़ियां आदि फंसाते हैं;			
		2. किसी वस्तु का विस्तार;	വ്യാപ്തി;	व्याप्ति	net-work;
		3. किसी उद्देश्य के लिए फंसाने की युक्ति या फंदा।	കെണി, ചതി, വഞ്ചന, കപടം	कॅणि, चति, वञ्चन्, कपट	forgery, conspiracy.
जालसाज	वि.	धोखाधड़ी करनेवाला, धूर्त।	ചതിയൻ, വഞ്ചകൻ.	चतियन्, वञ्चकन्	forgerer, deceitful.
जालसाजी	स्त्री.	जालसाज होने की अवस्था, गुण या क्रिया।	ചതി, വഞ്ചന, കപടതന്ത്രം	चति, वञ्चन्, कपटतन्त्रं	forgery, conspiracy.
जाला	पुं.	1. आँखों का एक रोग जिसमें पुतली पर झिल्ली सी आ जाती है;	കൃഷ്ണമണിയിൽ പാടയുണ്ടാകുന്ന ഒരു നേത്രരോഗം;	कृषणमणियिल् पाटयुण्टाकुन्न ओरु नेत्ररोग;	corneal opacity;
		2. मकड़ी का बुना हुआ जाल;	ചിലന്തിവല;	चिलन्तिवल;	cobweb;
		3. घास भूसा आदि बांधने की बड़ी जाली।	പുല്ലും വയ്ക്കോലും മറ്റും കെട്ടുന്ന വല	पुल्लुं वयक्कोलुं मरुं कॅट्टुन्न वल	net.
जालिम	वि.	जुल्म करनेवाला, अत्याचारी, क्रूर।	ക്രൂരനായ, ദുഷ്ടനായ	क्रूरनाय, दुष्टनाय	tyrannical, cruel, tyrant.
जाली	स्त्री.	1. कोई ऐसी रचना जिसमें नियत और नियमित रूप से थोड़ी-थोड़ी दूर पर छेद या कटाव हों;	വല;	वल;	mesh;
		2. एक प्रकार का कपड़ा जिसमें छोटे-छोटे छेद होते हैं और मसहरी आदि के काम आता है।	വലപോലെ കണ്ണികളോ ദ്വാരങ്ങളോ ഉള്ള തുണി	वलपोलॅ कण्णिकळो द्वारङ्ङळो उळ्ळ तुणि	net.
	वि.	नकली या बनावटी।	കൃത്രിമമായ	कृत्रिममाय	counterfeit, forged.
जालीदार	वि.	जिसमें जाली बनी हो।	വലക്കണ്ണുള്ള	वलक्कण्णुळ्ळ	netted, meshy.
जायित्री	स्त्री.	जायफल के ऊपर का छिलका, जो दवा, मसाले आदि के काम आता है।	ജാതിപത്രി	जातिपत्रि	mace (the spice).
जासूस	पुं.	छिपकर अपराधियों का भेद लेनेवाला, गुप्तचर।	ചാരൻ, രഹസ്യാന്വേഷകൻ	चारन्, रहस्यान्वेषकन्	spy, detective.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जासूसी	स्त्री.	जासूस का काम, पद, या क्रिया;	രഹസ്യാന്വേഷണം	रहस्यान्वेषणं	spying,espionage;
	वि.	जासूस सम्बन्धी।	ചാരവൃത്തി സംബന്ധമായ	चारवृत्ति संबन्धमाय,	detective or relating to espionage.
जाहिर	वि.	प्रकट, स्पष्ट।	വ്യക്തമായ, പ്രകടമായ	व्यक्तमाय, प्रकटमाय	apparent, evident, obvious.
जाहिरी	वि.	1. जो जाहिर हो; 2. ऊपरी, बाह्य, दिखाऊ।	സ്പഷ്ടമായ; പുറമേയുള്ള, ബാഹ്യമായ	स्पष्टमाय; पुरमेयुळ्ळ, बाह्यमाय	apparent; external.
जाहिल	वि.	अशिक्षित, मूर्ख, गंवार।	പഠിപ്പില്ലാത്ത, അജ്ഞനായ	पठिप्पिल्लात्त, अज्ञनाय	illiterate, uncivil.
जाह्नवी	स्त्री.	गंगा।	ഗംഗാനദി	गंगानदि	the Ganges.
जिंदगी	स्त्री.	जीवन, पूरी आयु या जीवन काल।	ജീവിതം, ജീവിതകാലം	जीवितं, जीवितकालं	life, span of life.
जिंदा	वि.	1. जीवित; 2. जिसमें जीवनी शक्ति हो, सक्रिय और सचेष्ट।	ജീവിച്ചിരിക്കുന്ന സജീവമായ, ജീവനുള്ള	जीविच्चिरिक्कुन्न सजीवमाय, जीवनुळ्ळ	alive, living; full of life, active.
जिंदादिल	वि.	हंसमुख, दिलवाला।	പ്രസന്നമായ, ഉല്ലാസവാനായ	प्रसन्ननाय, उल्लासवानाय	cheerful, live-hearted, lively.
जिंदादिली	स्त्री.	जिंदादिल होने की अवस्था या भाव।	പ്രസന്നത, മനപ്രസാദം,	प्रसन्नत, मनप्रसादं	cheerfulness.
जिंस	स्त्री.	1. वस्तु, व्यापार की चीजें; 2. अनाज।	വ്യാപാരച്ചരക്ക്; ധാന്യം	व्यापारच्चरक्कु; धान्यं	commodity; cereals.
जिक्र	पुं.	चर्चा, वर्णन, उल्लेख।	പ്രസ്താവന	प्रस्तावन.	mention, reference.
जिगर	पुं.	1. यकृत, कलेजा; 2. जीवट, हिम्मत।	കരള്, ഹൃദയം; ആത്മബലം	करळ्, हृदयं; आत्मबल	liver; spirit, courage.
जिगरी	वि.	1. जिगर सम्बन्धी, जिगर का; 2. अंतरंग, घनिष्ठ।	കരളിലെ സംബന്ധിച്ച, ഏറെറവും പ്രിയപ്പെട്ട	करळिनॅ संबन्धिच्च एऱ्ऱवुं प्रियप्पॅट्ट	belonging to liver; bosom, dear, beloved.
जिजीविषा	स्त्री.	जीने की इच्छा।	ജീവിക്കാനുള്ള ആഗ്രഹം	जीविक्कानुळ्ळ आग्रहं	desire to live.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जिज्ञासा	स्त्री.	जानने की इच्छा।	ഉൽക്കണ്ഠ	उत्कण्ठ	desire to know.
जिज्ञासु	वि.	जिज्ञासा करनेवाला, ज्ञानार्थी।	അറിയാൻ ആഗ്രഹമുള്ള, ജിജ്ഞാസയുള്ള	अरियान् आग्रहमुळ्ळ, जिज्ञासयुळ्ळ	desirous of knowing, inquisitive.
जितना	क्रि.	जिस मात्रा का, जिस कदर।	എത്ര, എത്രത്തോളം	एंत्र, एंत्रत्तोळं	as much as.
जिताना	स.क्रि	दूसरे की जीत कराना, जीतने में सहायता करना।	ജയിപ്പിക്കുക, ജയിക്കാൻ സഹായിക്കുക	जयिप्पिक्कुक, जयिक्कान् सहायिक्कुक	to cause to overcome, to cause or help to conquer or win.
जितेन्द्रिय	वि.	जिसने अपनी इन्द्रियों को वश में कर लिया हो।	ഇന്ദ്രിയങ്ങളെ ജയിച്ച, ഇന്ദ്രിയ നിഗ്രഹം ചെയ്ത	इन्द्रियङ्गळै जयिच्च, इन्द्रिय-निग्रहं चेय्त	one who has conquered his passions or subdued senses, ascetic.
जिद्द	स्त्री.	हठ, दुराग्रह, अपनी बात पर अड़े रहना।	നിർബന്ധ ബുദ്ധി	निबन्धबुन्धि	obstinacy, stubbornness.
जिद्दी	वि.	हठी, जिद करनेवाला।	ശാഠ്യമുള്ള	शाठ्यमुळ्ळ,	stubborn, obstinate.
जिधर	क्रि वि.	जिस ओर, जहां।	യാതൊരിടത്തു, എങ്ങോട്ടു	यातॊरिटत्तु, एंङ्गोट्टु	in which direction, wherever.
जिन	पुं.	1. बुद्ध; 2. जैन तीर्थंकर; 3. भूत।	ബുദ്ധൻ; ജൈനതീർത്ഥങ്കരൻ; ഭൂതം	बुदधन्; जैनतीर्थङ्करन् ; भूतं,	Buddha; Jain tirthankar; male spirit, demon;
	वि. सर्व.	'जिस' का बहुवचन।	'जिस' ന്റെ' ബഹുവചനം	'जिस'न्ट्रे बहुवचनं	plural of the relative pronoun 'जिस' (whose).
जिमाना	स.क्रि	भोजन कराना, खाना खिलाना।	ഭക്ഷണം കഴിപ്പിക്കുക, ഊട്ടുക	भक्षणं कषिप्पिक्कुक, ऊट्टुक	to feed, to entertain.
जिम्मा	पुं.	1. किसी बात के करने, कराने का भार; 2. किसी वस्तु के संरक्षण का भार, उत्तरदायित्व।	ഉത്തരവാദിത്വം, ചുമതല	उत्तरवादित्वं, चुमतल	responsibility; charge.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जिम्मेदार (जिम्मेवार)	वि.	वह जिस पर किसी कार्य, वस्तु अथवा और किसी बात की जवाबदेही हो।	ഉത്തരവാദി ആയ, ചുമതലയുള്ള	उत्तरवादियाय, चुमतलप्पेट्ट	responsible, answerable.
जिम्मेदारी (जिम्मेवारी)	स्त्री.	जिम्मेदार होने की अवस्था या भाव।	ഉത്തരവാദിത്വം, ചുമതല	उत्तरवादित्वं, चुमतल	responsibility.
जिरह	स्त्री.	वे प्रश्न जो प्रतिपक्षी या उसका वकील बयान की सच्चाई जांचने के लिए करे।	എതിർ വിസ്താരം, എതിർ വിചാരണ,	एंतिर्विस्तारं, एंतिर्विचारण	cross-examination
जिला	पुं.	आजकल किसी राज्य का वह छोटा विभाग जो किसी एक प्रधान अधिकारी की देख-रेख में हो और जिसमें कई तहसीलें हों।	ജില്ല, ഡിസ്ട്രിക്റ്റ്	जिल्ला, डिस्ट्रिक्ट्	district.
जिलाधीश	पुं.	जिला मजिस्ट्रेट, वह अधिकारी जिसे जिले भर के दीवानी और फौजदारी मुकदमों की अपीलें सुनने का अधिकार होता है।	ഡിസ്ട്രിക്റ്റ് മജിസ്ട്രേട്ട്, ജില്ലാകളക്ടർ	डिस्ट्रिक्ट् मजिस्ट्रेट्ट्, जिल्ला कलक्टर्	district magistrate or collector.
जिलाना	स.क्रि	1. मरे हुए को जिंदा करना, जीवन देना या डालना;	ജീവിപ്പിക്കുക,	जीविप्पिक्कुक,	to restore to life, to give life to;
		2. दोबारा आरम्भ करना।	പുനരാരംഭിക്കുക	पुनरारंभिक्कुक	to revive.
जिल्द	स्त्री.	1. पुस्तक की रक्षा के लिए लगाई या चिपकाई हुई दफ्ती;	പുസ്തകത്തിന്റെ ചട്ട, ബയന്റ്, കവർ;	पुस्तकत्तिन्ट् चट्ट, बयन्ट्, कवर्;	binding of book. cover;
		2. पुस्तक का अलग सिला या बंधा हुआ खंड;	വാല്യം, ഭാഗം;	वाल्यं, भागं;	a volume (of a book);
		3. त्वचा, खाल।	തൊലി, ചർമം	तोलि, चर्मं	skin, hide.
जिल्दसाज	पुं.	पुस्तकों पर जिल्दें बांधनेवाला कारीगर।	ബയന്റൻ	बयन्टर्	book binder.
जिल्दसाजी	स्त्री.	जिल्द बांधने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	ബുക്ക് ബയന്റിംഗ്	बुक्क् बयन्टिंग्	book-binding.
जिष्णु	वि.	जीतनेवाला, जयशील।	ജയിക്കുന്ന, ജയശീലനായ	जयिक्कुन्न, जयशीलनाय	victorious, triumphant, winning.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जिस	वि.	'जो' विभक्ति लगाने से बननेवाला रूप।	വിഭക്തി ചേരുമ്പോൾ 'ജോ' എന്ന് സംഭവിക്കുന്ന രൂപഭേദം	विभक्ति चेरुंपोळ् 'जो'यक्क् संभविक्कुन्न रूपभेदं	formative, or inflective base of the oblique cases, of the sing. of Jo 'who' etc.
जिस्म	पुं.	देह, बदन, शरीर।	ദേഹം, ശരീരം	देहं, शरीरं	body, physique.
जिह्वा	स्त्री.	जीभ, रसना।	നാക്ക്, നാവ്	नाक्क्, नाव्	tongue.
जिह्वाग्र	वि.	(कथन, बात या विषय) जो हर समय उपस्थित या प्रस्तुत रहे।	നാവിൻ തുമ്പിൽ നിൽക്കുന്ന	नाविन् तुंपिल् निलक्कुन्न	on the tip of the tongue.
जी	पुं.	चित्त, मन, हृदय।	മനസ്സ്,	मनस्स्,	mind.
	अव्य. 1.	नाम के पीछे लगनेवाला आदरसूचक शब्द;	പേരിനൊടുങ്ങുടെച്ചേർക്കുന്ന ഒരു ആദര സൂചകപദം;	पेरिन्टं कूट्टिच्चेर्क्कुन्न ओरु आदर सूचकपदं;	honorific suffix;
	2.	किसी के कथन आदि के उत्तर में सहमति, स्वीकृति आदि जतलानेवाला शब्द।	'ശരി അങ്ങനെ തന്നെ; ഉവ്വ്', എന്നൊക്കെ സൂചിപ്പിക്കുന്ന പദം	शरि अङ्ङनॆ तन्नॆ; उव्व्, एन्नांक्कॆ सूचिप्पिक्कुन्न पदं	yes Sir, yes, true, very good.
जीजा	पुं.	बहन का पति, बहनोई।	സഹോദരി യുടെ ഭർത്താവ്	सहोदरियुटॆ भर्त्तावु	brother-in-law (sister's husband).
जीजी	स्त्री.	बड़ी बहन।	മൂത്ത സഹോദരി, ചേച്ചി	मूत्त सहोदरि, चेच्चि	elder sister.
जीत	स्त्री. 1.	युद्ध, मुकदमा, खेल आदि में विपक्षी को हरा कर मिलनेवाली सफलता, विजय;	ജയം, വിജയം;	जयं, विजयं;	victory, success;
	2.	लाभ।	നേട്ടം, ലാഭം	नेट्टं, लाभं	advantage.
जीतना	स.क्रि. 1.	युद्ध, मुकदमा खेल आदि में विपक्षी को हराना;	ജയിക്കുക, എതിരാളിയെ തോൽപ്പിക്കുക;	जयिक्कुक, ऎतिराळियॆतो-लिप्पिक्कुक;	to win;
	2.	दमन करना, वश में करना।	കീഴടക്കുക, പിടിച്ചെടുക്കുക	कीऴ्टक्कुक, पिटिच्चॆटुक्कुक	to conquer.
जीन	स्त्री. 1.	घोड़े आदि की पीठ पर रखने की गद्दी, काठी	ജീനി;	जीनि;	saddle;
	2.	एक प्रकार का मजबूत तथा मोटा कपड़ा।	ഒരുതരം കട്ടിത്തുണി	ओरु तरं कट्टित्तुणि	kind of cloth.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जीना	स.क्रि.	जीवित रहना, जीवन के दिन बिताना।	ജീവിക്കുക, ജീവിച്ചിരിക്കുക	जीविक्कुक, जीविच्चिरिक्कुक	to live, to be alive.
जीना	पुं.	सीढ़ी।	കോണി, ഏണി	कोणि, एणि	ladder.
जीभ	स्त्री.	मुंह के भीतर स्थित चपटा, लचीला, कोमल अंग जो रसज्ञान तथा मनुष्यों के बोलने की क्रिया का साधन है।	നാക്ക്, നാവ്, ജിഹ്വ	नाक्क्, नाव्, जिह्व	tongue.
जीभी	स्त्री.	तांबे, पीतल आदि के पत्तर की बनी चीज जिससे जीभ का मैल साफ करते हैं।	നാക്ക വടിക്കാനുള്ള സാധനം, നാക്കവടി	नाक्कु वटिक्कानुळ्ळ साधनं, नाक्कुवटि	instrument for cleaning the tongue, tongue-scraper.
जीमना	स.क्रि.	भोजन करना।	ഭക്ഷണം കഴിക്കുക	भक्षणं कषिक्कुक	to eat, to take food.
जीरा	पुं.	एक प्रकार का सुगंधित बीज जो दवा और मसाले के काम आता है।	ജീരകം	जीरकं	cumin seed.
जीर्ण	वि.	1. बूढ़ा; 2. जर्जर; 3. पुराना।	പ്രായംചെന്ന; തകർന്ന, പഴയ	प्रायं चेन्न; तकर्न्न, पषय	old; worn out; ancient.
जीर्णशीर्ण	वि.	फटा पुराना, जर्जर।	പഴകി പ്പൊടിഞ്ഞ	पषकिप्पोटिञ्ञ	tattered, worn out, ruined.
जीर्णोद्धार	पुं.	पुरानी फूटी चीज या इमारत की मरम्मत।	പുതുക്കിപ്പണിയൽ, നന്നാക്കൽ	पुतुविकप्पणियल, नन्नाक्कल	repairing what is ruined (in a building).
जीवंत	वि.	जीवट-वाला, साहसी, उद्यमी।	സജീവമായ, ജീവസ്സുറ	सजीवमाय, जीवस्सुरर्	bold, courageous, enterprising.
जीव	पुं.	1. प्राण, जान; 2. प्राणी।	പ്രാണൻ; ജീവി, പ്രാണി	प्राणन्; जीवि, प्राणि	life, soul; creature, living being.
जीव-जन्तु	पुं.	छोटे प्राणी, कीड़े मकौड़े।	ജീവികൾ	जीविकळ्	creatures.
जीवट	पुं.	साहस, हिम्मत।	ജീവസ്സ്, ധൈര്യം	जीवस्स्, धैर्यं	courage, boldness, endurance, spirit.
जीवधारी	वि.	जिसमें जीव अर्थात्			possessing life,

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		जीवनी शक्ति हो, जीवयुक्त।	ജീവിക്കുന്ന, ജീവനുള്ള	जीविक्कुन्न, जीवनुळ्ळ	assuming life.
जीवन	पुं.	1. प्राण धारण, जिंदगी, वह नैसर्गिक शक्ति जो प्राणियों, वृक्षों आदि को अंगों और उपांगों से युक्त करके सक्रिय और सचेष्ट बनाती है;	ജീവിതം, ജീവ സന്ധാരണം, ജീവൻ, പ്രാണൻ	जीवितं, जीवसन्धारणं, जीवन्, प्राणन्	life;
		2. अस्तित्व बनाए रखने के लिए आधार रूप आवश्यक तत्व या वस्तु।	ജീവ ചൈതന്യം, ജീവിതം നിലനിൽക്കുന്ന ശക്തി	जीवचैतन्यं, जीवितं निलनिर्त्तुन्न शक्ति	life giving element.
जीवन-चरित्र	पुं.	वह पुस्तक जिसमें किसी के जीवन के मुख्य-मुख्य कार्यों का विवरण हो।	ജീവചരിത്രം	जीवचरित्रं	biography.
जीवनदायी (जीवनदायिनी)	वि. स्त्री.	जीवन प्रदान करनेवाला।	ജീവൻ നൽകുന്ന	जीवन् नल्कुन्न	life-giving.
जीवनधन	वि.	परम प्रिय, पति।	പ്രാണ പ്രിയനായ	प्राणप्रियनाय	dearest, husband.
जीवनमुक्त	वि.	जो जीवित दशा में ही आत्म ज्ञान प्राप्त कर संसार बंधन से मुक्त हो गया हो।	ആത്മജ്ഞാനം ലഭിച്ചവൻ	आत्मज्ञानं लभिच्चवन्	relieved or liberated from worldly bonds, while alive, by true knowledge of the Supreme spirit.
जीवनवृतांत	पुं.	दे. 'जीवनचरित्र'।	നോ : 'जीवन-चरित्र'	नो: जीवन-चरित्र	same as biography.
जीवनी	स्त्री.	दे. 'जीवनचरित्र'।	നോ : 'जीवन चरित्र'	नो: जीवन-चरित्र	same as biography.
जीव-विज्ञान	पुं.	वह विज्ञान जिसमें जीवों की उत्पत्ति, विकास, शारीरिक रचना तथा उनके रहन-सहन के सम्बन्ध में विचार किया जाता है। इसी विज्ञान की शाखाओं के रूप	ജീവശാസ്ത്രം, പ്രാണിശാസ്ത്രം	जीवशास्त्रं, प्राणिशास्त्रं	biology.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		में वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, आकारिकी आदि की गिनती होती है।			
जीवा	स्त्री.	चाप के दो सिरों को मिलानेवाली रेखा।	യോജകരേഖ	योजकरेख	the chord of an arc.
जीवाणु	पुं.	1. सेन्द्रिय जीवों का वह मूल और बहुत सूक्ष्म रूप जो विकसित होकर नए जीव का रूप धारण करता है;	ജീവാണു, ജീവിയുടെ അതിസൂക്ഷ്മമായ മൂലരൂപം;	जीवाणु, जीवियुटे अतिसूक्ष्ममाय मूलरूपं;	bacteria.
		2. जीवनी शक्ति से युक्त ऐसे अणु जो प्रायः अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न करते हैं।	രോഗാണു, രോഗബീജം	रोगाणु, रोगबीजं	
जीवात्मा	स्त्री.	देहस्थ, चैतन्य, वह शक्ति जिसके कारण प्राणी जीवित रहते हैं।	ശരീരത്തിൽ സ്ഥിതി ചെയ്യുന്ന ആത്മാവ്,	शरीरत्तिल स्थिति चेय्युन्न आत्माव्	the individual soul enshrined in the human body.
जीविका	स्त्री.	वह काम धंधा या वृति जिसके द्वारा मनुष्य को निर्वाह के लिए धन तथा अन्य आवश्यक पदार्थ मिलते हैं।	കാല ക്ഷേപ മാർഗം, ഉപജീവന മാർഗം, ജീവനോപായം	कालक्षेपमार्गं, उपजीवनमार्गं, जीवनोपायं	livelihood.
जीवित	वि.	जीता हुआ, जीवन युक्त।	ജീവിക്കുന്ന,	जीविक्कुन्न	living, alive.
जीवी	वि.	(केवल समास में व्यवहृत) विशिष्ट प्रकार की जीविका से निर्वाह करनेवाला, (से जीनेवाला)।	ജീവിക്കുന്ന (പദാന്ത്യത്തിൽ ചേക്കുന്ന)	जीविक्कुन्न (पदान्त्यत्तिल चेर्क्कुन्नु)	(generally at the end of comp.) living upon or by.
जुआ	पुं.	1. धन आदि को दाव पर लगा कर खेला जानेवाला खेल; वह खेल जिसमें हार जीत होने पर निश्चित राशि विपक्षी से ली जाती है अथवा दी जाती है;	ചൂതാട്ടം, ചൂതുകളി, പണം പന്തയം വച്ചുകൊണ്ടുള്ള കളി;	चूताट्टं, चूतुकळि, पणं पन्तयं वच्चुकांण्टु-ळ्ळ कळि;	gambling;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. हल, बैलगाड़ी आदि में जोते जानेवाले बैल के कंधे पर रखे जानेवाली लकडी।	നുകം	नुकं	yoke.
जुआरी	पुं.	जुआ खेलनेवाला।	ചൂതാട്ടക്കാരൻ	चूताट्टक्कारन्	gambler.
जुकाम	पुं.	सरदी-गरमी के योग से होनेवाला वह रोग जिसमें नाक से कफ मिला हुआ पानी निकलता है और सिर भारी जान पड़ता है।	ജലദോഷം	जलदोषं	cold.
जुगत	स्त्री.	युक्ति, तरकीब, चतुराई।	യുക്തി, ഉപായം, കൗശലം	युक्ति, उपायं, कौशलं	means, device, skill.
जुगनू	पुं.	एक प्रकार का उड़नेवाला कीड़ा जिसका पिछला भाग रात को खूब चमकता है।	മിന്നാമിനുങ്ങ്, ഖദ്യോതം	मिन्नामिनुङ्ङ्, खद्योतं	glow-worm, fire-fly.
जुगाड़	पुं.	इधर-उधर से यत्न करके काम चलाना।	ഒപ്പിച്ചെടുക്കൽ	ऒप्पिच्चॆटुक्कल्	improvisation, manipulation.
जुगाली	स्त्री.	सींगवाले पशुओं का जल्दी-जल्दी निगले हुए चारे को गले में थोड़ा-थोड़ा निकाल कर पुनः अच्छी तरह से चबाना।	അയവിറക്കൽ	अयविऱक्कल्	rumination.
जुगुप्सा	स्त्री.	1. घृणा;	വെറുപ്പ്, അറപ്പ്;	वॆऱुप्प्, अऱप्प्;	dislike, aversion, disgust, abhorrence;
		2. वीभत्स रस का स्थायी भाव।	ഭീഭത്സ രസത്തിന്റെ സ്ഥായീഭാവം	बीभत्सरसत्तिन्ट्ॅ स्थायी भावं	(in rhet.) disgust, considered as the feeling which gives rise to the vibhatsa sentiments.
जुगुप्सित	पुं.	घृणित।	നിന്ദിക്കപ്പെട്ട	निन्दिक्कप्पॆट्ट	disliked, disgusted.
जुटना	पुं.वि.	1. संयुक्त होना, सटना;	ഒന്നാകുക, കൂട്ടിച്ചേരുക,	ऒन्नाकुक, कूटिच्चेरुक	to unite, to close (with);
		2. चीजों, व्यक्तियों आदि का इकट्ठा होना;	കൂട്ടം ചേരുക, കൂടുക;	कूट्टं चेरुक, कूटुक;	to flock;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. किसी कार्य में जी लगाकर योग देना।	പ്രവൃത്തിയിൽ വ്യാപൃതനാകുക	प्रवृत्तियिल व्यापृतनाकुक	to be engaged in work.
जुटाना	स.क्रि	1. इकट्ठा करना; 2. बहुत पास लाकर मिलाना या सटाना।	ഒന്നിച്ചുകൂട്ടുക; യോജിപ്പിക്കുക, ചേർക്കുക അടുപ്പിക്കുക	ऑन्निच्चुकूट्टुक; योजिप्पिक्कुक, चेर्क्कुक, अटुप्पिक्कुक	to collect; to unite closely together, to combine.
जुड़ना	अ.क्रि	1. जोड़ा जाना; 2. इकट्ठा होना; 3. जुटना।	യോജിപ്പിക്കപ്പെടുക; ഒന്നു ചേരുക, കൂടുക, ശേഖരിക്കപ്പെടുക	योजिप्पिक्कप्पॅटुक; आंन्नु चेरुक, कूटुक, शेखरिक्कप्पॅटुक	to be attached or added; to collect (as gathering); to be procured.
जुड़वां	वि.	दो बच्चे जिनका जन्म एक ही समय में कुछ आगे-पीछे हुआ हो।	ഇരട്ട, ഇരട്ടക്കുട്ടികൾ	इरट्ट, इरट्ट-क्कुट्टिकल्	twin, twins.
जुड़वाना (जोड़वाना)	स.क्रि	जोड़ बैठवाना, मिलवाना या लगाना।	ഒന്നാക്കിക്കുക, ചേർപ്പിക്കുക	आंन्नाक्किक्कुक, चेर्प्पिक्कुक	to cause to join, to cause to adhere.
जुड़ाई	स्त्री.	जुड़वाने या जोड़ लगवाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	കൂട്ടൽ, അതിനുള്ള കൂലി	कूट्टल्, अतिनुळ्ळ कूलि	the act or wages of joining.
जुतना	अ.क्रि	1. घोड़े, बैल आदि का गाड़ी में जोता जाना; 2. खेत आदि का जोता जाना; 3. जी लगाकर किसी कार्य में लगना।	നുകത്തിൽ കെട്ടപ്പെടുക; ഉഴപ്പെടുക; ജോലിയിൽ ഏർപ്പെടുക	नुकत्तिल कट्टप्पॅटुक; उषप्पॅटुक; जोलियिल एर्प्पॅटुक	to be yoked; to be tilled; to be engaged in work.
जुतवाना	स.क्रि	जोतने का कार्य कराना।	നുകത്തിൽ കെട്ടിക്കുക, ഉഴുവിക്കുക	नुकत्तिल कट्टिक्कुक, उषुविक्कुक	to cause to be yoked, to have (a field, etc.) ploughed or tilled (by).
जुताई	स्त्री.	जुतने या जोते जाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	ഉഴവ്, ഉഴവുകൂലി	उषव्, उषवुकूलि	ploughing, tillage.
जुतियाना	स.क्रि	जूते लगाना (बुरी तरह अपमानित करना)।	ചെരിപ്പു കൊണ്ടടിക്കുക, അപമാനിക്കുക	चॅरिप्पु कॊण्ट-टिक्कुक, अपमानिक्कुक	to beat with a shoe or slipper (deemed an act of great degradation).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जुतौवल	स्त्री.	ऐसी लड़ाई जिसमें दोनों पक्ष एक दूसरे पर जूतों का प्रहार करते हैं।	ചെരിപ്പുകൊണ്ട് തമ്മിൽ തമ്മിലുള്ള അടി	चॅरिप्पुकॊण्टु तम्मिलत्तम्मिलुळ्ळ अटि	a shoe fight.
जुदा	वि.	अलग, पृथक, भिन्न।	വേറെ, പ്രത്യേകമായ	वेरु, प्रत्येकमाय	separate, apart, distinct.
जुदाई	स्त्री.	पार्थक्य, वियोग, विलगाव।	വേർപാട്, വിയോഗം	वेरुपाट्, वियोगं	separation, parting.
जुमला	वि.	कुल, तमाम, सब।	ആകെ, മുഴുവൻ, എല്ലാം	आकॆ, मुषुवन्, ऎल्लां	aggregate, sum total, whole.
	पुं.	वाक्य।	വാക്യം	वाक्यं	sentence.
जुरमाना (जुर्माना)	पुं.	किसी अपराध अथवा चूक के दण्डस्वरूप दी जानेवाली राशि-अर्थदण्ड।	പിഴ, പിഴശിക്ഷ	पिष, पिषशिक्ष	fine, penalty.
जुर्म	पुं.	वह काम जो कानून में दंडनीय माना गया हो, अपराध।	കുറ്റം, അപരാധം	कुर्रु, अपराधं	crime, offence.
जुर्राब (जुराब)	स्त्री.	ऊन या सूत का बुना हुआ पैरों का एक प्रसिद्ध पहनावा, मौजा।	കാല്യറ, സ്റ്റോക്കിംഗ്സ്	कालुर्, स्टरोक्किंगुस्	socks, stocking.
जुलाब (जुल्लाब)	पुं.	दस्त लानेवाली दवा, विरेचन।	വയറിളക്കാനുള്ള മരുന്ന്	वयरिळक्कानुळळ मरुन्न्	purgative.
जुलाहा	पुं.	कपड़ा बुननेवाला, तंतुवाय।	നെയ്ത്തുകാരൻ	नॆय्त्तुकारन्	weaver.
जुल्फ	स्त्री.	बालों की मुड़ी हुई लट।	മുടിച്ചുരുൾ	मुटिचुरुळ्	curling lock of hair, ringlet
जुल्म	पुं.	अन्याय, जबरदस्ती, अत्याचार।	അക്രമം, ബലാൽക്കാരം	अक्रमं, बलात्क्कारं	injustice, oppression, tyranny.
जुल्मी	वि.	जालिम, अत्याचारी।	അക്രമിയായ, മർദകനായ	अक्रमियाय, मर्दकनाय	oppressive, tyrannical.
जूं	स्त्री.	मैल और पसीने के कारण सिर में होनेवाला एक नन्हा कीड़ा।	പേൻ, ക്രൂ	पेन्, कूर्	louse.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयालम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जूझना	अ. क्रि.	1. शारीरिक बल लगाते हुए किसीसे लड़ना, हाथापाई करना; 2. शारीरिक बल लगाते हुए प्रयत्न करना।	യുദ്ധം ചെയ്യുക, പോരാട്ടുക, പൊരുതുക; (ശരീരം കൊണ്ടു) അദ്ധ്വാനിക്കുക	युद्धं चेय्युक, पोराटुक, पोरुतुक; (शरीरं कांण्ट्) अध्वानिक्कुक	to fight or to combat; to struggle.
जूठन	स्त्री.	खाकर छोड़ा हुआ भोजन।	എച്ചിൽ, ഉച്ചിഷ്ടം	ऐच्चिल्, उच्चिष्टं	leavings (of food etc.).
जूठा	वि.	1. खाकर छोड़ा हुआ, उच्छिष्ट; 2. जिसे किसीने मुंह लगाकर, कुछ खाकर या पीकर अपवित्र कर दिया हो।	എച്ചിലായ ഉച്ചിഷ്ടമായ തിന്നോ കുടിച്ചോ അശുദ്ധമാക്കിയ	ऐच्चिलाय, उच्चिष्टमाय; तिन्नो कुटिच्चो अशुद्धमाक्किय	leavings of food etc; defiled by eating or drinking.
जूड़ा	पुं.	सिर के बालों को लपेटकर बनाया हुआ बालों का आकार विशेष।	കെട്ടിവച്ച മുടി, മുടിക്കെട്ട്	कट्टिवच्च मुटि, मुटिक्कट्ट	bun-shaped hair-do.
जूड़ी	स्त्री.	जाड़े और कंप के साथ आनेवाला ज्वर, विषम ज्वर, शीत।	കുളിരും വിറയലും വരുന്ന പനി, മലമ്പനി	कुळिरु विर्यलुं वरुन्न पनि, मलंपनि	ague, malaria fever.
जूता (जूती)	पुं. (स्त्री.)	कंकड़–मिट्टी से पावों को बचाने के लिए चमड़े आदि का बना हुआ पादत्राण।	ചെരിപ്പ് പാദരക്ഷ	चॅरिप्प्, पादरक्ष	shoe.
जून	पुं.	1. समय, बेला, दिन का आधा भाग; 2. ईसाई संवत् का छठा महीना।	സമയം, വേള, ദിവസത്തിന്റെ അർദ്ധഭാഗം; ജൂൺമാസം	समयं, वेळ, दिवसत्तिन्ट् अर्द्धभागं; जूण्मासं	time, period, one half of the day; June.
जूना	पुं.	बर्तन आदि साफ करने अथवा गठरी आदि बांधने के लिए घास फूंस बटकर बनाई हुई रस्सी।	പാത്രം കഴുകുന്ന തിരി	पात्रंकषुकुन्न तिरि	a rope of grass for cleaning vessels or for tying a bundle.
जूही	स्त्री.	चमेली की तरह का एक पौधा जिसके फूलों की गंध भीनी तथा मधुर होती है।	ഒരിനം മുല്ല, കുമ്മാഴി	ओरिनं मुल्ल, कुम्माषि	a kind of jasmine.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जेटी	स्त्री.	पानी के ऊपर बना हुआ लकड़ी आदि का वह चबूतरा जिस पर से जहाज पर माल चढ़ाया उतारा जाता है।	ജട്ടി	जट्टि	jetty.
जेठ	पुं.	1. पति का बड़ा भाई; 2. वैशाख और आषाढ़ के बीच का महीना।	ഭർത്താവിന്റെ ജ്യേഷ്ഠൻ;	भर्त्ताविन्टे ज्येष्ठन्;	husband's elder brother; third month of the Indian calendar.
जेठा	वि.	अवस्था में औरों से बड़ा।	മൂത്ത, പ്രായം കൂടിയ, ജ്യേഷ്ഠനായ	मूत्त, प्रायं कूटिय, ज्येष्ठनाय	elder (son, brother etc.).
जेठानी	स्त्री.	पति के बड़े भाई की स्त्री।	ചേട്ടത്തി	चेट्टत्ति	wife of husband's elder brother.
जेता	वि.	जीतनेवाला, विजयी।	വിജയിയായ, ജേതാവായ	विजयियाय, जेतावाय	victorious, triumphant, conqueror.
जेब	पुं.	कुरते, कमीज आदि में रुपये-पैसे आदि रखने के लिए लगी हुई थैली।	പോക്കറ്റ്, ചെപ്പ്, കീശ	पोक्कर्र्, चेप्प्, कीश	pocket.
जेबकतरा	पुं.	दूसरे की जेब काटकर पैसे निकालनेवाला।	പോക്കറ്റടിക്കാരൻ	पोक्कर्र्टिक्कारन्	pick-pocket.
जेबखर्च	पुं.	निजी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मिलनेवाला धन।	സ്വകാര്യ ചെലവിനു കിട്ടുന്ന പണം, പോക്കറ്റ് മണി	स्वकार्यच्चेलविनु किट्टुन्न पणं, पोक्कर्र मणि	pocket expense, pocket money.
जेबी	वि.	1. जेब में रखा जानेवाला; 2. इतना छोटा कि जेब में रखा जा सके।	പോക്കറ്റിൽ വയ്ക്കുന്ന; കീശയിലൊതുങ്ങുന്ന, ചെറിയ	पोक्करिर्ल वय्क्कुन्न; कीशयिलांतुह·डु·न्न, चेरिय	of or belonging to the pocket; fit for the pocket.
जेर	स्त्री.	आंवल।	ഗർഭസ്ഥ ശിശുവിനെ ആവരണം ചെയ്തിരിക്കുന്ന ചർമകോശം	गर्भस्थशिशुविन् आवरणं चेय्-तिरिक्कुन्न चर्मकोशं	the membrane in which the foetus is enveloped.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जेल	स्त्री.	वह घिरा हुआ स्थान जहां अपराधियों को राज्य की ओर से दंड भोगने के लिए बंद रखा जाता है, कैदखाना।	ജയിൽ, തടവുമുറി, കാരാഗൃഹം	जयिल्, तटवुमुरि, कारागृहं	prison, gaol, jail.
जेलखाना	पुं.	कैदखाना, कारागार।	കാരാഗൃഹം	कारागृहं	prison, jail.
जेवर	पुं.	गहना, आभूषण।	ആഭൂഷണം	आभूषणं	ornament, jewellery.
जैतून	पुं.	एक सदाबहार पेड़ जिसका फल खाया जाता है और बीजों का तेल खाने और दवा के काम में लाया जाता है।	ഒലീവുവൃക്ഷം	ऑलीवु वृक्ष	the olive tree, an olive.
जैन	पुं.	1. एक प्रसिद्ध अनीश्वरवादी धार्मिक संप्रदाय जिसके प्रमुख एवं अंतिम तीर्थंकर महावीर थे;	മഹാവീരൻ സ്ഥാപിച്ച ഒരു പ്രസിദ്ധ നിരീശ്വര മതം, ജൈനമതം;	महावीरन् स्थापिच्च ओरु प्रसिद्ध निरीश्वर मतं, जैनमतं;	an atheist religious community whose chief and last Tirathankar (god) is Lord Mahavira;
		2. उक्त सम्प्रदाय का अनुयायी।	ജൈനമതാനുയായി	जैनमतानुयायि	follower of the Jain sect.
जैव	वि.	जीव सम्बन्धी, जीव का।	ജീവനെ സംബന്ധിച്ച	जीवनॅ संबन्धिच्च	belonging to जीव or the soul.
जैविक	वि.	जीव सम्बन्धी, जीव का।	നോ : 'ജൈവ'	नो: 'जैव'	same as 'जैव'
जैविकी	स्त्री.	जीव-विज्ञान।	ജീവശാസ്ത്രം	जीवशास्त्रं	biology.
जैसा	वि.	1. जिस तरह का, जिस आकार प्रकार या रंग-रूप का;	യാതൊരു തരത്തിലുള്ള, യാതൊരു വിധത്തിലുള്ള;	यातॊरु तरत्तिलुळ्ळ, यातॊरु विधत्तिलुळ्ळ;	alike;
		2. समान, सदृश।	സദൃശമായ	सदृशमाय	similar to.
जैसे	क्रि. वि.	1. जिस तरह, जिस रीति से, ज्यों;	യാതൊരു വിധത്തിൽ,	यातॊरु विधत्तिल्,	as, as if;
		2. उदाहरणार्थ, यथा।	ഉദാഹരണമായി	उदाहरणमायि	for example.
जैसे तैसे	क्रि. वि.	किसी प्रकार।	എങ്ങനെയെങ്കിലും, ഒരു വിധത്തിൽ	एंङ्ङनॆयॆंकिलुं, ओरु विधत्तिल्	somehow.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जोंक	स्त्री.	पानी का एक कीड़ा जो प्राणियों की देह में चिपककर उनका खून चूसता है।	ചോര ഊറ്റി ക്കുടിക്കുന്ന ഒരിനം അട്ട, നീരട്ട,ജളൂകം	चोर ऊरिक्कुटि-क्कुन्न ओरिनं अट्ट, नीरट्ट, जळूकं	leech.
जो	सर्व.	एक सम्बन्ध वाचक सर्वनाम जिसका प्रयोग पहले कही हुई किसी बात अथवा पहले आई हुई संज्ञा, सर्वनाम या पद के संबंध में कुछ और कहने से पहले किया जाता है।	യാതൊരാൾ, യാതൊന്നു്, യാതൊരു	यातोराळ्, यातोन्नु, यातोरु	who, which, what, that.
	वि.	किसी अज्ञात अथवा अनिश्चित बात का सूचक।			
जोखिम	स्त्री.	हानि, अनिष्ट, घाटे की संभावना, खतरा।	ആപത്തു്, ആപച്ഛങ്ക	आपत्तु, आपच्छंक	risk, danger.
जोगिया	वि.	मटमैलापन लिए लाल, गेरुआ।	കാവിനിറമായ, കാവിമുക്കിയ, കാവിനിറം	काविनिरमाय, काविमुक्किय, काविनिरं	the colour worn by jogis, a reddish-yellow colour.
	पुं.	एक प्रकार का लाल रंग जो कुछ मटमैलापन लिए होता है।			
जोगी (जोगिन)	पुं. (स्त्री.)	पंथी जंगम शैव साधु, भिक्षाजीवी गृहस्थ साधुओं का एक समुदाय।	യോഗി, സന്ന്യാസി	योगि, सन्न्यासि	ascetic.
जोड़	पुं.	1. जुड़ने या जुड़े हुए होने की अवस्था, क्रिया या भाव;	ക്കൂട്ടൽ, സങ്കലനം, സംയോജനം;	कूट्टल्, संकलनं, सेयोजनं;	addition;
		2. कई संख्याएं जोड़ने से आने वाली संख्या;	ആകെത്തുക	आकेत्तुक	total;
		3. वह स्थान जहां दो वस्तुएं या टुकड़े जुड़ें, संधिस्थान;	സന്ധി, ചേർപ്പു്;	सन्धि, चेर्प्पु;	joint.
		4. जोड़ा जानेवाला टुकड़ा;	കണ്ടം;	कण्टं;	patch;
		5. गुण, धर्म आदि के विचार से होनेवाली समानता।	ചേർച്ച,തുല്യത, സാദൃശ്യം, ഇണ, കിട	चेर्च्च, तुल्यत, सादृश्यं, इण, किट	match.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जोड़-तोड़	पुं.	कार्य साधन के लिए चालाकी और दाव-पेंच से मिली हुई कार्यवाही।	സൂത്രപ്പണി, കുതന്ത്രം, ഉപജാപം	सूत्रप्पणि, कुतन्त्रं, उपजापं	manoeuvring, contrivance, machination.
जोड़दार	वि.	जोड़वाला।	ചേർപ്പുള്ള, കൂട്ടിച്ചേർത്ത	चेर्प्पुळळ, कूट्टिच्चेर्त्त	jointed, having joints.
जोड़ना	स. क्रि.	1. दो वस्तुओं या टुकड़ों को एक दूसरे के साथ चिपकाना, सीना, मिलाना आदि;	ഒന്നാക്കുക, ഒട്ടിച്ചോ തയ്ച്ചോ ചേക്കുക;	ओन्नाक्कुक, ओट्टिच्चो तय्च्चो चेर्क्कुक;	to join, to unite, to bind;
		2. टूटी हुई वस्तु के टुकड़ों को मिलाना जिससे वह पूरी हो जाए और पहले की तरह काम देने लगे;	കൂട്ടിച്ചേക്കുക;	कूट्टिच्चेर्क्कुक;	to connect, to attach;
		3. गणित में संख्याओं को जमा करना;	സങ്കലനം ചെയ്യുക;	संकलनं चय्युक;	to add;
		4. बटोरना, संचय करना।	ശേഖരിക്കുക, സഞ്ചയിക്കുക	शेखरिक्कुक, सञ्चयिक्कुक	to collect, to amass.
जोड़वाई (जुड़वाई)	स्त्री.	जुड़वाने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	ശേഖരിക്കൽ, കൂട്ടിച്ചേർപ്പിക്കൽ, അതിനുള്ളകൂലി	शेखरिक्कल, कूट्टिच्चेर्प्पिक्कल, अतिनुळळ कूलि	the act or wages of joining, binding, collecting etc.
जोड़ा	पुं.	1. एक सी या एक साथ काम में आनेवाली दो वस्तुएं;	ഇരട്ട, ജോടി, ഇണ;	इरट्ट, जोटि, इण;	pair;
		2. एक ही प्रकार के जीवों का नर-मादा का युग्म।	ദമ്പതികൾ, മിഥുനം	दंपतिकळ्, मिथुनं	couple.
जोड़ाई (जुड़ाई)	स्त्री.	जोड़ने की क्रिया भाव या मजदूरी।	അടിച്ചുകൂട്ടൽ, അതിനുള്ള കൂലി	अटिच्चुकूट्टल, अतिनुळळ कूलि	the act or wages of joining etc.
जोड़ी	स्त्री.	एक ही आकार-प्रकार और गुणधर्मवाली या साथ-साथ रहनेवाली दो वस्तुएं या प्राणी।	ഇണ, ഇരട്ട, ജോടി	इण, इरट्ट, जोडि	pair, couple.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जोड़ीदार	पुं.	1. बराबर का होकर रहनेवाला;	തുല്യപങ്കു കാരൻ,	तुल्यपंकुकारन्,	equal partner;
		2. साथी।	സഹകാരി	सहकारि	companion.
	वि.	मुकाबले का।	കിട നിൽക്കുന്ന	किट निल्क्कुन्न	matching, of equal strength or prowess.
जोत	स्त्री.	भूमि का वह टुकड़ा जिस पर खेती की जाए।	കൃഷിക്കായി ഉഴുതിട്ട ഭൂമി	कृषिक्कायि उषुतिट्ट भूमि	tillage.
जोतना	स. क्रि.	1. खेत को बोए जाने के योग्य बनाने के लिए उसमें हल चलाना;	ഉഴുക;	उषुक;	to plough, to till;
		2. घोड़े, बैल आदि को गाड़ी आदि में उसे खींचने के लिए बांधना;	നുകത്തിൽ കെട്ടുക;	नुकत्तिल् कट्टुक;	to yoke;
		3. किसीको उसकी इच्छा के विरुद्ध काम पर लगाना।	ഇഷ്ടമല്ലാത്ത ജോലി ചെയ്യിക്കുക	इष्टमल्लात्त जोलि चैय्यिक्कुक	to harness to work.
जोताई (जुताई)	स्त्री.	जोतने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	ഉഴവ്, ഉഴവുകൂലി	उषव्, उषवुकूलि	act or wages of tilling etc.
जोबन	पुं.	युवावस्था होने की अवस्था या भाव।	യൗവനം, താരുണ്യം	यौवन्, तारुण्यं	youth, puberty.
जोर	पुं.	1. शक्ति, ताकत, सामर्थ्य;	ശക്തി, ക്ഷമത, പ്രതാപം;	शक्ति, क्षमतं, प्रतापं;	strength, prowess;
		2. प्रबलता, वेग, तेजी;	വേഗത, ഊറ്റം;	वेगत, ऊर्ऱ्;	force;
		3. काम में लिए जाने से पड़नेवाला दबाव या दुष्प्रभाव;	ക്ലേശം, പ്രയാസം, വിഷമം;	क्लेशं, प्रयासं, विषमं;	stress, strain;
		4. किसी बात पर दिया जानेवाला बल।	ഊന്നിപ്പറയൽ,	ऊन्निप्पर्यल्	emphasis.
जोर-जुल्म	पुं.	अत्याचार।	അന്യായം	अन्यायं	injustice, tyranny.
जोरदार	वि.	बलशाली, प्रभावशाली।	സ്വാധീന ശക്തിയുള്ള, ഫലപ്രദമായ	स्वाधीन्-शक्तियुळ्ळ, फलप्रदमाय	powerful, strong, influential.
जोर-शोर	पुं.	किसी कार्य को पूरा करने के लिए लगाया जानेवाला जोर और दिखाया जानेवाला उत्साह एवं प्रयास।	അത്യുത്സാഹം, ആവേശം, ഊർജ്ജിതം	अत्युत्साहं, आवेशं, ऊर्ज्जितं	enthusiasm, zest, fast tempo.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
जोरू	स्त्री.	पत्नी,भार्या	ഭാര്യ, പത്നി	भार्य, पत्नि	wife.
जोरू जांता	पुं.	घरगृहस्थी, बाल-बच्चे।	കുടുംബം, വീട്ടം കുടിയും	कुटुंब, वीटु कुटियुं	family.
जोश	पुं.	1. उत्साह, आवेश;	ഉത്സാഹം, ആവേശം;	उत्साह, आवेश;	zeal, fervour, vigour;
		2. उफान, उबाल।	പതഞ്ഞു പൊന്തൽ	पतञ्ञु पोन्तल्	boiling.
जोश खरोश	पुं.	आवेश।	വിക്ഷോഭം	विक्षोभं	excitement.
जोशीला	वि.	जोश से भरा हुआ।	ആവേശ ഭരിതമായ, ഉത്സാഹ പൂർണമായ	आवेशभरितमाय, उत्साहपूर्णमाय	zealous, spirited, vigorous.
जोहना	स. क्रि.	प्रतीक्षा करना, राह देखना।	പ്രതീക്ഷിക്കുക, കാത്തിരിക്കുക	प्रतीक्षिक्कुक, कात्तिरिक्कुक	to wait for, to look longingly or eagerly.
जौ	पुं.	एक प्रसिद्ध पौधा जिसके दानों को पीस कर बनाया हुआ चूर्ण रोटी बनाने के काम आता है।	ചോളം	चोळं	barley.
जौहर	पुं.	1. युद्ध में शत्रु की विजय निश्चित होने पर राजपूत स्त्रियों का दहकती हुई विशाल चिता में एक साथ प्रवेश कर जाना;			valour;
		2. गुण, खूबी।	വൈശിഷ്ട്യം	वैशिष्ट्य	skill.
जौहरी	पुं.	1. जवाहरात का रोजगार करनेवाला, रत्न-व्यापारी;	രത്നവ്യാപാരി;	रत्नव्यापारि;	jeweller;
		2. पारखी।	രത്നപരിശോധകൻ	रत्नपरिशोधकन्	tester.
ज्ञात	वि.	जाना हुआ, विदित।	അറിയപ്പെട്ട, വിദിതമായ	अरियप्पट्ट, विदितमाय	known, ascertained.
ज्ञातव्य	वि.	जानने योग्य, जो जाना जा सके।	അറിയേണ്ടുന്ന, അറിയത്തക്ക	अरियेण्टुन्न, अरियत्तक्क	to be known or understood, conceivable, comprehensible.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
ज्ञाता	वि.	जाननेवाला, जानकार।	അറിയുന്ന, അറിവുള്ള (ആൾ)	अरियुन्न, अरिवुळ्ळ (आळ्)	one who knows, knowing.
ज्ञाति	पुं.	एक ही गोत्र या वंश में उत्पन्न मनुष्य, भाई-बंधु।	ബന്ധു ചാർച്ചക്കാരൻ	बन्धु, चार्च्चक्कारन्	kinsman.
ज्ञान	पुं.	जानकारी, बोध।	അറിവ്	अरिव्	knowledge.
ज्ञानवान	वि.	1. जानकार; 2. आत्मा तथा परमात्मा के अभेद का ज्ञाता।	ജ്ഞാനിയായ;	ज्ञानियाय;	knowing; one who has spiritual knowledge.
ज्ञानवृद्ध	वि.	ज्ञान में बड़ा।	വളരെ അറിവുള്ള, മഹാജ്ഞാനി	वळरं अरिवुळ्ळ, महाज्ञानि	advanced in knowledge.
ज्ञानी	वि.	ज्ञानवान।	ജ്ഞാനമുള്ള, അറിവുള്ള	ज्ञानमुळ्ळ, अरिवुळ्ळ	wise, learned, knowledgeable.
ज्ञानेन्द्रिय	स्त्री.	आंख, कान, नाक, जीभ और त्वचा ये पांच इन्द्रियां जिनसे भौतिक विषयों का ज्ञान होता है।	പഞ്ചേന്ദ്രിയങ്ങൾ	पञ्चेन्द्रियङ्ङळ्	knowledge organ, an organ of sensation.
ज्ञापक	वि.	जतानेवाला, सूचक, बोधक।	അറിയിക്കുന്ന, സൂചിപ്പിക്കുന്ന, ബോധ്യപ്പെടുത്തുന്ന	अरियिक्कुन्न, सूचिप्पिक्कुन्न, बोध्यप्पॆटुत्तुन्न	making or causing to know, giving information, proclaiming.
ज्ञापन	पुं.	1. कोई बात किसीको बताने या सूचित करने की क्रिया या भाव; 2. ऐसा पत्र जिसमें किसी अधिकारी को किसी बात या शिकायत आदि से अवगत कराया जाए।	അറിയിക്കൽ, അറിയിപ്പ്, സൂചന; നിവേദനം	अरियिक्कल्, अरियिप्पु, सूचन्; निवेदनं	making known, notifying; memorandum.
ज्ञापित	वि.	जतलाया या बतलाया हुआ।	അറിയിക്കപ്പെട്ട, സൂചിപ്പിക്കപ്പെട്ട	अरियिक्कप्पॆट्ट, सूचिप्पिक्कप्पॆट्ट	made known, informed, notified.
ज्ञेय	वि.	जानने योग्य, जो जाना जा सके।	അറിയേണ്ടതായ	अरियेण्टताय	to be known, perceptible.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
ज्या	स्त्री.	1. धनुष की डोरी; 2. चाप के सिरों को मिलानेवाली सीधी रेखा।	ഞാണ്	ञाण्	bow string; (in geom.) the chord of an arc.
ज्यादती	स्त्री.	1. अधिकता; 2. जुल्म, जबरदस्ती।	ആധിക്യം; അക്രമം, അന്യായം,	आधिक्यं; अक्रमं, अन्यायं	excess; high handedness, injustice.
ज्यादा	वि.	मान या मात्रा में आवश्यकता से अधिक।	ആവശ്യത്തിൽ കവിഞ്ഞ	आवश्यत्तिल् कविञ्ञ	more, many, much, abundant.
ज्यामिति	स्त्री.	गणित का वह विभाग जिसमें पिंडों की नाप-जोख, रेखा, कोण, तल आदि का विचार किया जाता है, रेखागणित।	ക്ഷേത്രഗണിതം	क्षेत्रगणितं	geometry.
ज्येष्ठ	वि.	अवस्था, पद या मर्यादा में अपने वर्ग के अन्य जीवों से बड़ा।	പ്രായം കൂടിയ, മൂത്ത	प्रायं कूटिय, मूत्त	eldest, most senior.
	पुं.	वैशाख के बाद और आषाढ़ से पहले आनेवाला एक चन्द्र मास।	വൈശാഖത്തിനും ആഷാഢത്തിനും ഇടയ്ക്കുള്ള മാസം	वैशाखत्तिनुं आषाढत्तिनुं इटक्कुळ्ळ मासं	name of a lunar month between Vaishakh and Asharh.
ज्येष्ठता	स्त्री.	ज्येष्ठ होने की अवस्था या भाव।	മൂപ്പ്	मूप्प्	state of being eldest, seniority.
ज्यों	क्रि. वि.	जैसे, जिस तरह।	യാതൊരു വിധത്തിൽ	यातोरुविधत्तिल्	as, as if.
ज्यों-ज्यों	क्रि. वि.	जैसे-जैसे, जिस क्रम से।	എങ്ങനെ യൊക്കെ	एंङ्ङनेयोक्कं	as far as, as by degrees.
ज्यों-त्यों	क्रि. वि.	किसी न किसी प्रकार।	ഒരു വിധത്തിൽ	ओरु विधत्तिल्	somehow.
ज्योति	स्त्री.	1. प्रकाश, रोशनी; 2. दृष्टि।	പ്രകാശം, തേജസ്സ്; ദൃഷ്ടി	प्रकाशं, तेजस्स्; दृष्टि	light, flame, lustre; vision.
ज्योतिर्मय	वि.	ज्योति से भरा हुआ, परम प्रकाशमान।	പ്രകാശം നിറഞ്ഞ	प्रकाशं निरञ्ञ	consisting of light, brilliant.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
ज्योतिर्लिंग	पुं.	1. शिव के मुख्य बारह लिंग जो भारत में भिन्न-भिन्न भागों में मंदिरों में स्थापित हैं;	ശിവ ലിംഗങ്ങൾ	शिवलिंगङ्ङळ	name of twelve linga temples;
		2. शिव।	ശിവൻ	शिवन्	epithet of Shiva.
ज्योतिष	पुं.	ग्रह नक्षत्रों की गति, स्थिति आदि का तथा इसके द्वारा उत्पन्न प्रभावों का विचार करने वाला शास्त्र।	ജ്യോതി ശ്ശാസ്ത്രം, ജ്യോത്സ്യം, ജ്യോതിഷം	ज्योतिश्शास्त्रं, ज्योत्स्यं, ज्योतिषं	astronomy, astrology.
ज्योतिषी	पुं.	ज्योतिष शास्त्र को जाननेवाला।	ജ്യോത്സ്യൻ	ज्योत्स्यन्	astrologer.
ज्योत्स्ना	स्त्री.	चंद्रमा का प्रकाश।	നിലാവ്	निलाव्	moonlight.
ज्योनार (जेवनार)	स्त्री.	बहुत से लोगों को बुलाकर एक साथ कराया जानेवाला भोजन, दावत।	സദ്യ, വിരുന്നു സൽക്കാരം	सद्य, विरुन्नु-सल्क्कारं	feast, banquet, dinner.
ज्वर	पुं.	एक साधारण रोग जिसमें शरीर का ताप स्वाभाविक से अधिक हो जाता है, बुखार।	പനി	पनि	fever.
ज्वरांश	पुं.	हल्का ज्वर, हरारत।	ചെറിയ പനി, ഇളം പനി	चॆरिय पनि, इळॅ पनि	low fever.
ज्वलंत	वि.	1. जलता हुआ, प्रकाशमान;	ജ്വലിക്കുന്ന, ഉജ്ജ്വലമായ;	ज्वलिक्कुन्न, उज्ज्वलमाय;	brilliant, shining;
		2. अच्छी तरह और स्पष्ट रूप से दिखाई देनेवाला।	സുസ്പഷ്ടമായ, സുവ്യക്തമായ	सुस्पष्टमाय, सुव्यक्तमाय	apparent, evident.
ज्वलनशील	वि.	शीघ्र जलने की प्रकृतिवाला।	പെട്ടെന്നു കത്തുന്ന	पॆट्टॆन्नु कत्तुन्न	inflammable.
ज्वलित	वि.	1. जलता या जलाया हुआ;	കത്തുന്ന, കത്തിച്ച;	कत्तुन्न, कत्तिच्च;	burning, burnt;
		2. खूब चमकता हुआ, दीप्त।	നന്നായി പ്രകാശിക്കുന്ന	नन्नायि प्रकाशिक्कुन्न	shining, illuminated.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
ज्वार	स्त्री.	एक प्रकार का मोटा अनाज।	ചോളം	चोळं	millet.
	पुं.	चँद्रमा के आकर्षण के कारण समुद्र के जल का ऊपर उठना।	വേലിയേറ്റം	वेलियेऱ्ऱं	tide.
ज्वार-भाटा	पुं.	समुद्र के जल का ऊपर उठना और नीचे गिरना।	വേലിയേറ്റവും വേലിയിറക്കവും	वेलियेऱ्ऱवुं वेलियिऱक्कवुं	flood tide and ebb tide, flood and ebb.
ज्वाल	पुं.	1. आग की लपट, अग्निशिखा;	തീനാളം, അഗ്നിശിഖ,	तीनाळं, अग्निशिख;	flame;
		2. ताप, दाह।	ചൂട്, താപം	चूट्, तापं	heat.
ज्वाला	स्त्री.	दे० 'ज्वाल'	നോ : 'ज्वाल'	नो: 'ज्वाल'	same as 'ज्वाल'।
ज्वालामुखी	पुं.	पृथ्वीतल के कुछ विशिष्ट स्थानों और मुख्यत: पर्वतों में होनेवाले मुख के आकार के बड़े-बड़े गड्ढे जिनमें से कभी आग की लपटें कभी गली हुई धातुएं, पत्थर, आदि और कभी धुएं और राख के बादल निकलते हैं।	അഗ്നി പർവതം	अग्निपर्वतं	volcano.
झंकार (झनकार)	स्त्री.	धातु के किसी पात्र अथवा तार पर आघात लगने से कुछ समय तक उसमें से निकलनेवाला झनझन शब्द।	ഝങ്കാരം. മുഴക്കം	झंकारं, मुषक्कं	tinkling, jingling.
झंकृत	वि.	झंकारयुक्त, झंकार करता हुआ।	ഝങ്കാരം പുറപ്പെട്ട വിക്കുന്ന, മുഴങ്ങുന്ന	झंकारं पुऱप्पॆट्टु-विक्कुन्न, मुषङ्ङुन्न	tinkled, jingled, set tinkling, jingling.
झंखाड़	पुं.	1. कांटेदार झाड़ी या पौधा या इनका समूह;	ഒരിനം മുൾച്ചെടി, മുൾച്ചെടി ച്ചർച്ച്;	ओरिनं मुळच्चॆटि, मुळच्चॆटिप्पटर्प्प;	a leafless thick thorny bush or its cluster;
		2. व्यर्थ का कूड़ा-करकट।	കൂപ്പ	कुप्प	rubbish.
झंझट	स्त्री.	कठिनाई, परेशानी, बखेड़ा।	ഉപദ്രവം, ശണ്ഠ, 'വയ്യാവേലി'	उपद्रवं, शण्ठ, 'वय्यावेलि'	botheration, annoying situation.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
झंझटी	वि.	1. झंझटवाला (कार्य);	ബുദ്ധിമുട്ടുള്ള (കാര്യം);	बुद्धि-मुट्टुळ्ळ (कार्य)	intricate, difficult;
		2. (व्यक्ति) जो हर कार्य को उलझाता और उसे झगड़े का रूप देता हो।	കുഴപ്പ മുണ്ടാക്കുന്ന	कुष्पमुण्टाक्कुन्न	trouble maker, causing imbroglio.
झंझरी	स्त्री.	1. जाली, जालीदार खिड़की;	വല പോലെ പ്പിച്ച ജന്നൽ;	वल पिटिप्पिच्च जन्नल्;	lattice, screen;
		2. आटा छानने की चलनी।	അരിപ്പ	अरिप्प	sieve.
झंझा	स्त्री.	तेज हवा, अंधड़, तेज आंधी जिसके साथ पानी भी बरसता हो।	ശക്തിയായ മഴക്കാറ്, ഝംഝാവാതം	शक्तियाय मष़क्कार्, झंझावातं	wind and heavy rain, squall, gale, hurricane.
झंझानिल	पुं.	1. प्रचंड वायु, आंधी;	കൊട്ടുങ്കാറ്റ്;	कोट्टुंकार्;	squall, stormy gale;
		2. ऐसी आंधी जिसके साथ पानी भी बरसे।	മഴയോടു കൂടിയ കൊട്ടുങ്കാറ്റ്	मष़योटुकूटिय कोट्टुंकार्	violent wind and rain.
झंझावात	पुं.	दे० 'झंझानिल'।	നോ :'झंझനिल'	नो: 'झंझानिल'	same as 'झंझानिल'।
झंझोड़ना	स. क्रि.	पकड़कर जोर-जोर से झटके देना।	ശക്തിയായി ഉലയ്ക്കുക	शक्तियायि उलयक्कुक	to shake, to jerk violently.
झंडा	पुं.	डंडे के सिरे पर लगा कपड़े का चौकोर या तिकोना कपड़ा जिस पर कुछ विशेष चिह्न बने होते हैं तथा जो राष्ट्र, दल, सम्प्रदाय आदि का प्रतीक होता है, ध्वज, ध्वजा, पताका।	കൊടി, പതാക	कॉटि, पताक	flag, banner.
झंडाभिवादन	पुं.	झंडा फहराकर उसके प्रति अपना आदर प्रदर्शित करना।	പതാക ഉയർത്തൽ, പതാകാ വന്ദനം	पताक उयर्त्तल्, पताका वन्दनं	to hoist a flag and salute.
झंडी	स्त्री.	छोटा झंडा।	ചെറിയ കൊടി	चॅरिय कॉटि	small flag, bunting.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयालम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
झक	स्त्री.	मन की वह वृत्ति जिसके फलस्वरूप मनुष्य बिना सोचे समझे प्रायः हठवश किसी कार्य में प्रवृत्त होता है, सनक, खब्त।	ഭ്രമം, കമ്പം, കിറുക്ക്	भ्रमं, कंपं, किरुक्क्	whim, craze.
झकझोरना	स. क्रि.	पकड़कर जोर-जोर से हिलाना, झटके देना।	ആഞ്ഞുലയ്ക്കുക	आञ्ञुलय्क्कुक	to shake violently.
झकझोरा	पुं.	झटका, धक्का।	കുടച്ചിൽ	कुटच्चिल्	violent jerk.
झकोरना	अ.क्रि.	हवा का झकोरा मारना, हवा का झोंके के साथ पेड़ों को झकझोरते हुए बहना।	ശക്തിയായി കാറടിക്കുക, ആഞ്ഞു വീശുക	शक्तियायि कार्रडिक्कुक, आञ्ञुवीशुक	to shake, to put in motion, to drive or beat (as wind or rain).
झकोरा	पुं.	हवा का तेज झोंका।	കാറിന്റെ ശക്തിയായ അടി, കാറ്റടി	कारिन्रे शक्तियाय अटि, कार्रटि	blast, gust.
झक्कड़	पुं.	अंधड़, तेज हवा।	കൊടുങ്കാറ്റ്, ചക്രവാതം	कोटुकार्रु, चक्रवातं	storm, hurricane.
झक्की	वि.	जिसे किसी बात की झक या सनक हो, खब्ती।	ഏതെങ്കിലും കാര്യത്തിൽ കമ്പമുള്ള	एतेंकिलु कार्यत्तिल् कंपमुळ	crazy, eccentric.
झख	स्त्री.	झींकने की क्रिया या भाव।	പരാതി പറച്ചിൽ, പിറുപിറുക്കൽ	परातिपर्च्चिल्, पिरुपिरुक्कल्	the act or state of grumbling or grousing.
झगड़ना	स. क्रि.	दो व्यक्तियों का आपस में कुछ कहा-सुनी करना, झगड़ा करना।	വഴക്കുണ്ടാക്കുക, ശണ്ഠ കൂടുക	वषक्कुण्टाक्कुक, शण्ठ कूटुक	to quarrel, to dispute, to argue.
झगड़ा	पुं.	दो पक्षों में होनेवाली कहा-सुनी या विवाद।	വഴക്ക്, കലഹം, വാക്കേറ്റം	वषक्क्, कलह, वाक्केर्र्	quarrel, dispute, altercation.
झगड़ालू	वि.	जिसे झगड़ा करने की आदत हो, कलहप्रिय।	വഴക്കാളി, കലഹപ്രിയനായ	वषक्काळि, कलहप्रियनाय	quarrelsome, cantankerous, disputatious.
झगला	पुं.	छोटे बच्चों के पहनने का एक प्रकार का ढीला-ढाला छोटा कुरता।	കൊച്ചുകുഞ്ഞുങ്ങൾക്കുള്ള ഒരയഞ്ഞ കുപ്പായം	कांच्चुकुञ्ञुङ्ङ्-ळक्कुळळ आरयञ्ञ कुप्पायं	a sort of loose garment for children.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयालम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
झज्झर	पुं.	सुराही।	കൂസ, കൂജ	कूस, कूज	a large porous water-jar, a porous goglet.
झट	क्रि. वि.	तत्काल, तुरन्त, बहुत तेजी या फुरती से।	ഉടൻ; ഉടനടി, പെട്ടെന്ന്, അതിവേഗം	उटन्; उटनुटि, पॅट्टॅन्न्, अतिवेगं	quickly, speedily instantly, at once.
झटकना	स. क्रि.	1. झटका देना;	ആഞ്ഞു കുലുക്കുക,	आञ्ञुकुलुक्कुक,	to pull with a jerk, to jerk;
		2. धोखा देकर अथवा जबरदस्ती किसीकी कोई चीज़ ले लेना।	തട്ടിപ്പറിക്കുക, പിടിച്ചു പറിക്കുക	तट्टिप्परिक्कुक, पिटिच्चुपरिक्कुक	to snatch, to extort, to wrench.
	अ. क्रि.	चिंता, रोग आदि के कारण बहुत अधिक दुर्बल होना।	മെലിയുക, ക്ഷീണിക്കുക	मॅलियुक, क्षीणिक्कुक	to become lean or thin.
झटका	पुं.	1. हलका धक्का;	ഉന്തു, തള്ളു,	उन्तु, तळ्ळु,	jerk, jolt;
		2. पशुबलि का वह प्रकार जिसमें गरदन एक ही बार में अलग कर दी जाए;	ഒറ വെട്ടിനു ബലിമൃഗത്തിന്റെ തല വേർ പെടുത്തുന്ന സമ്പ്രദായം	ओर्र वॅट्टिनु बलिमृगत्तिन्ट तल वेरुपॅटुत्तुन्न संप्रदायं	beheading an animal with one stroke;
		3. इस प्रकार मारे गए पशु का मांस;	മൃഗത്തിന്റെ മാംസം	मृगत्तिन्ट मांसं	the meat obtained thus;
		4. आपत्ति, रोग, शोक आदि का ऐसा आघात जो बहुत कुछ निकम्मा कर दे।	വിപത്തു മൂല മുണ്ടാകുന്ന ആഘാതം	विपत्तमूलमुण्टा-कुन्न आघातं	shock, blow.
झटकाना	स. क्रि.	कोई चीज इस तरह से हिलाना कि उस पर पड़ी हुई धूल आदि गिर जाए, जोर से झटका देना।	കുടയുക, ഉലയ്ക്കുക	कुटयुक, उलयक्कुक	to shake, to jerk.
झटकारना	अ. क्रि.	दे० 'झटकाना'।	നോ : 'झटकाना'	नोः 'झटकाना'	same as 'झटकाना'।
झटपट	क्रि. वि.	अतिशीघ्र, तुरंत।	ത്വരിതമായിൽ, പെട്ടെന്നു, ഉടനടി	त्वरितमायिल्, पॅट्टॅन्न्, उटनुटि	speedily, quickly, promptly.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
झड़न	स्त्री.	1. झड़ने की क्रिया या भाव; 2. झड़ने से, झाड़ने से गिरी हुई चीज।	പൊഴിയൽ, കൊഴിയൽ; പൊഴിഞ്ഞു വീണ വസ്തു	पोषियल, कोषियिल; पोषिञ्ञु वीण वस्तु	the falling off; shavings, parings, sweepings, rubbish.
झड़ना	अ. क्रि.	1. किसी वस्तु में से उसके छोटे-छोटे अंशों या अंगों का टूटकर गिरना; 2. स्खलित होना।	പൊഴിയുക, അടർന്നു വീഴുക, കൊഴിയുക; സ്ഖലിക്കുക	पोषियुक, अटर्न्नु-वीषुक, कोषियुक; स्खलिक्कुक	to drop, to fall, to fall off; to be discharged.
झड़प	स्त्री.	1. दो जीवों की अल्पकालिक भिड़त; 2. दो व्यक्तियों के मध्य उपेक्षापूर्ण कटु बातचीत।	കലഹം, വഴക്ക്; വാക്കുതർക്കം, വാക്കേറ്റം	कलहं, वषक्क्; वाक्कुतर्क्कं, वाक्केर्रं	skirmish, brawl; contention, altercation.
झड़पना	अ. क्रि. स. क्रि.	हमला करना, टूट पड़ना, उलझना। झटके से छीन लेना।	ആക്രമിക്കുക, ചാടി വീഴുക, പിടിച്ചു പറിക്കുക	आक्रमिक्कुक, चाटिवीषुक, पिटिच्चु परि्क्कुक	to fight, to contend. to snatch away, to wrench.
झड़बेरी	स्त्री.	जंगली बेर, इसकी झाड़ी और फल।	കാട്ടിലന്ത	काट्टिलन्त	wild ber or jubjube bush.
झड़वाना	स. क्रि.	1. झाड़ने का काम दूसरे से कराना; 2. नजर या भूतप्रेत लगने पर ओझे से झाड़ फूंक कराना।	അടിച്ചു വാരിക്കുക മന്ത്രവാദം ചെയ്യിക്കുക	अटिच्चु वारिक्कुक, मन्त्रवादं चैय्यिक्कुक	to cause to be shaken or dusted; to get cured of evil eye etc. by exorcist.
झड़ाई	स्त्री.	झाड़ने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	അടിച്ചുവാരൽ, ബാധയൊഴി പ്പിക്കൽ, ഇവയ്ക്കുള്ള കൂലി	अटिच्चु वारल, बाधयोषिप्पि-क्कल, इवय्-क्कुळ कूलि	the act or state of or wages for dusting, exorcism etc.
झड़ी	स्त्री.	1. लगातार अधिक समय तक होनेवाली वर्षा; 2. किसी बात की अविरल क्रिया या क्रम।	നീണ്ടു നിൽക്കുന്ന മഴ, തോരാത്ത മഴ; തുടർച്ചയായുള്ള പ്രവൃത്തി. അഥവാ ക്രമം	नीण्टु निलक्कुन्न मष, तोरात्त मष; तुटर्च्चयायुळ्ळ प्रवृत्ति अथवा क्रमं	continuous or incessant downpour; uninterrupted occurrence.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
झनकना	अ. क्रि.	1. किसी पात्र आदि पर आघात लगने से उसमें झनझन शब्द होना;	കിലുങ്ങുക, മുഴങ്ങുക;	किलुङ्ङ्-उ-क, मुषङ्ङ्-उ-क;	to tinkle, to jingle, to clank, to clink, to ring, to rattle, etc.;
		2. क्रुद्ध और दुःखी होकर बड़बड़ाते रहना।	ദേഷ്യപ്പെട്ടോ സങ്കടപ്പെട്ടോ സംസാരിച്ചു കൊണ്ടിരിക്കുക	देष्यप्पेट्टो संकटप्पेट्टो संसारिच्चु कॊण्टिरिक्कुक	to be angry, to be offended or vexed, to take umbrage.
झनझनाना	स. क्रि. अ. क्रि.	झनझन की आवाज उत्पन्न करना। झनझन शब्द होना, आघात आदि लगने से किसी अंग का शिथिल सा हो जाना।	കിലുക്കുക, മുഴക്കുക;	किलुक्कुक, मुषक्कुक	to clang, jingle, tinkle, clink. to jingle, to be benumbed or cramped.
झनझनाहट	स्त्री.	झनझन शब्द होने की अवस्था, क्रिया या भाव।	കിലുക്കം, മുഴക्കം, 'ഝൻ' 'ഝൻ' എന്ന നാദം	किलुक्कं, मुषक्कं, 'झन्' 'झन्' ऐन्न नादं	jingling, tinkling etc.
झन्नाना	अ. क्रि.	दे० 'झनझनाना'।	നോ : 'झनझनाना'	नोः 'झनझनाना'	see 'झनझनाना'।
झन्नाहट	स्त्री.	दे० 'झनझनाहट'	നോ : 'झनझनाहट'	नोः 'झनझनाहट'	see 'झनझनाहट'.
झपक	स्त्री.	1. बार-बार पलकें खोलने और बंद करने की क्रिया या भाव;	കണ്ണു ചിമ്മൽ;	कण्णुचिम्मल;	the act or state of blinking;
		2. एक बार पलक गिरने में लगने वाला समय।	ഇമ വെട്ടുന്നത്ര സമയം, നിമിഷം	इम वॆट्टुन्नत्र समयं, निमिषं	blink.
झपकना	अ. क्रि.	1. बार-बार पलक गिरना और उठना;	കണ്ണു ചിമ്മുക, കണ്ണിമയ്ക്കുക,	कण्णु चिम्मुक, कण्णिमय्क्कुक,	to blink;
		2. ऊंघना।	മയങ്ങുക,	मयङ्ङ्-उ-क,	to nap.
झपकाना	स. क्रि.	बार-बार पलकें गिराना।	കണ്ണു ചിമ്മുക	कण्णु चिम्मुक	to wink, to blink.
झपकी	स्त्री.	हलकी नींद, थोड़ी देर की नींद।	ലഘുനിദ്ര	लघुनिद्र	nap or doze, blink.
झपट	स्त्री.	झपटने अर्थात् तेजी से आगे बढ़कर किसी पर आक्रमण करने की क्रिया या भाव।	ആക്രമിക്കൽ, ചാടിവീഴൽ, കയ്യേറ്റം	आक्रमिक्कल, चाटिवीऴल, कय्येट्रं	rush, dash, pounce. assault.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
झपटना	अ. क्रि.	किसी चीज को लेने, पकड़ने अथवा उस पर हमला करने के लिए तेजी से उसकी ओर बढ़ना, लपकना;	ചാടിവീഴുക, പെട്ടെന്നു് ആക്രമിക്കുക തട്ടിപ്പറിക്കുക, പെട്ടെന്നു് തട്ടിയെടുക്കുക	चाटिवीषुक, पॅट्टॅन्न् आक्रमिक्कुक तट्टिप्परिक्कुक, पॅट्टॅन्न् तट्टियॅटुक्कुक	to dash (at),to run (at), to make a sudden swoop (on); to pounce;
	स. क्रि.	तेजी से बढ़कर कोई चीज ले लेना।			to snatch or snap (at), to grab.
झपटाना	स. क्रि.	किसीको झपटने में प्रवृत्त करना।	ചാടിക്കുക, പായിക്കുക, തട്ടിയെടുപ്പിക്കുക	चाटिक्कुक, पायिक्कुक, तट्टियॅटुप्पिक्कुक	to cause to run or go quickly, to dispatch with all speed.
झपट्टा	पुं.	किसी से कुछ सहसा छीन लेने के लिए उस पर किया जाने वाला आक्रमण।	ചാടിവീഴൽ, പെട്ടെന്നുള്ള ആക്രമണം	चाटिवीषल्, पॅट्टॅन्नुळळ आक्रमणं	swoop, pounce.
झपना	अ. क्रि.	1. पलक गिरना; 2. किसी वस्तु का ऊपर से नीचे की ओर एकाएक आना।	മിഴി അടയുക; പെട്ടെന്നു് താഴുക, വീഴുക	मिषि अटयुक; पॅट्टॅन्न् ताषुक, वीषुक	to blink; to have a sudden dip (paper kite).
झपाटा	पुं.	दे० 'झपट्टा'।	നോ ; 'झपट्टा'	नो: 'झपट्टा'	same as 'झपट्टा'।
झपटा	पुं.	1. हमला, धक्का; 2. प्रेतबाधा।	അടിപിടി; പ്രേതബാധ, ബാധയുപദ്രവം	अटिपिटि; प्रेतबाध, बाधयुपद्रवं	pounce, assault; influence of evil spirits.
झबरा	वि.	लम्बे और बिखरे हुए बालोंवाला।	നീണ്ടു ചിതറിക്കിടക്കുന്ന രോമങ്ങളുള്ള (പട്ടിയും മറ്റും)	नीण्टु चितरि-क्किटक्कुन्न रोमङ्ङळुळळ (पट्टियुं मऱ्ऱुं)	having long hair (an animal), hairy, shaggy.
झबरोला	वि.	दे० 'झबरा'।	നോ : 'झबरा'	नो: 'झबरा'	same as 'झबरा'।
झमेला	पुं.	झगड़ा, झंझट, बखेड़ा।	കലഹം, ശണ്ഠ, കുഴപ്പം	कलहं, शण्ठ, कुषप्पं	botheration, mess, entanglement, imbroglio.
झरना	पुं.	पहाड़ों आदि में ऊंचाई से गिरनेवाला जल प्रवाह।	ഊറ്റ്, വെള്ളച്ചാട്ടം, അരുവി	ऊऱ्ऱु, वॅळ्ळच्चाट्टं, अरुवि	fall, spring, stream.
	अ. क्रि.	ऊँचे स्थान से पानी या किसी और चीज का लगातार नीचे गिरना।	ഒഴുകുക, വീണുകൊണ്ടിരിക്കുക	आषुकुक, वीणुकॊण्टिरिक्कुक	to fall (off).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
झरी	स्त्री.	1. पानी का झरना, सोता;	നീർച്ചാട്ടം, ഊറ്റു, അരുവി;	नीर्च्चाट्टं, ऊर्रु, अरुवि;	water fall, cascade;
		2. वह धन जो बाजार में बैठकर सौदा बेचनेवाले छोटे दुकानदारों से नित्यप्रति करके रूप में उगाहा जाता है।	ചന്തക്കാഴം	चन्तक्कर	a sort of tax realised daily from petty pavement shopkeepers.
झरोखा	पुं.	खिड़की, दीवार में बनी हुई छोटी खिड़की।	ചെറിയ ജന്നൽ, കിളിവാതിൽ	चॅरिय जन्नल्, किळिवातिल्	small window, skylight, aperture.
झलक	स्त्री.	1. क्षणिक अधूरा दर्शन;	എത്തിനോട്ടം;	एॅत्तिनोट्टं;	glimpse, glance;
		2. किसी बात का आभास मात्र मिलना;	ഏകദേശ ജ്ഞാനം;	एकदेशज्ञानं;	to carry a semblance of;
		3. चमकना।	മിന്നുക, പ്രകാശിക്കുക	मिन्नुक, प्रकाशिक्कुक	to sparkle, to glitter.
झलका	पुं.	छाला, फफोला।	കുരു	कुरु	blister.
झलकाना	स. क्रि.	1. आभास देना;			to give a semblance to give glimpse of;
		2. चमकाना।	മിന്നിക്കുക	मिन्निक्कुक	to cause to shine.
झलकी	स्त्री.	1. रेडियो में प्रसारित होनेवाली हास्यव्यंग प्रधान एक बहुत छोटी नाटिका;	ഹാസ്യാത്മക നാടകം;	हास्यात्मकनाटकं;	skit;
		2. झलक।	മിന്നാട്ടം	मिन्नाट्टं	glance.
झलना	स. क्रि.	1. पंखा आदि हिलाकर हवा करना;	വീശുക;	वीशुक;	to fan;
		2. धातु आदि की चीजों का टांके से जोड़ा जाना।	ലോഹങ്ങൾ കൂട്ടിച്ചേർക്കുക, വിളക്കുക	लोहङ्ङळ् कूट्टिच्चेर्क्कुक, विळक्कुक	to solder.
झलरी	स्त्री.	झांझ।	കൈമണി	कैमणि	a sort of musical instrument.
झलवाना	स. क्रि.	झलने या झालने का काम दूसरे से करवाना।	വീശിക്കുക	वीशिक्कुक	to cause to be soldered or cemented, to get (a thing) soldered or repaired.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	मलयाळम् पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
झलाई	स्त्री.	कड़ी धातुओं को मुलायम धातुओं के टांके से जोड़ने की क्रिया, भाव या मजदूरी।	വിളക്കൽ, വിളക്കുന്നതി നുള്ള കൂലി	विळक्कल, विळक्कुन्न-तिनुळळ कूलि	soldering.
झलाईगर	पुं.	झलाई का काम करनेवाला।	ലോഹങ്ങൾ വിളക്കുന്നവൻ	लोहङ्ङ्-ङ्-ल विळक्कुन्नवन्	one who does the work of soldering.
झलाना	स.	दे० 'झलवाना'	നോ : 'झलवाना'	नो: 'झलवाना'	same as 'झलवाना'।
झल्ला	पुं.	1. बड़ा टोकरा, झाबा; 2. वर्षा की झड़ी जिसके साथ तेज हवा भी हो।	വലിയ കൂട്ട; കാറോടുകൂടിയ മഴ	वलिय कुट्ट; कार्रोटु कूटिय मष	a big basket; shower.
झल्लाना	अ. क्रि.	क्रुद्ध होकर या खीझकर तीक्ष्ण स्वर में बोलना।	കോപിച്ചു സംസാരിക്കുക, ശകാരിക്കുക, 'വാ വയ്ക്കുക'	कोपिच्चु संसारिक्कुक, शकारिक्कुक, 'वा वय्क्कुक'	to be annoyed, to be enraged, to shout peevishly.
झल्ली	स्त्री.	एक प्रकार का टोकरा।	ഒരിനം കൂട്ട	ओरिनं कुट्ट	a large basket.
झांई		1. छाया, परछाई; 2. रक्त विकार से मुंह पर पड़नेवाला धब्बा।	പ്രതിച്ഛായ; രക്തദൂഷ്യം കൊണ്ടു മുഖത്തുണ്ടാകുന്ന കറുത്ത പാട്	प्रतिच्छाय; रक्तदूषयं कांण्ट् मुखत्तु-ण्टाकुन्न करुत्त पाट्	shadow, reflection; freckle, black spot on the face (not a mole)
झांकना	अ. क्रि.	आड़ से, झरोखे आदि से बाहर की वस्तु को देखना।	എത്തിനോക്കുക	ऐत्तिनोक्कुक	to peep, to peer.
